दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करणःटोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा
• Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ ///
वर्ष : 12 | अंक : 143 | टोंक | गुरुवार,16 जनवरी, 2025 | माघ, कृष्ण पक्ष तृतीया संवत्-2081 | भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹ 3.50 | पृष्ठ : 08
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

**मौसम** जयपुर
17.0° अधिकतम तापमान
13.0° न्यूनतम तापमान

**बाजार** शेयर बाजार
सेंसेक्स 76,724.08 +224.45 (0.29%)
निफ्टी 23,213.20 +37.15 (0.16%)

**सर्राफा** सोना/चांदी
सोना 80,695 /10g
चांदी 93,500 /Kg





# देश को 3 नए युद्धपोत मिले : मोदी

## ये तीनों मेड इन इंडिया, पहली बार डिस्ट्रॉयर, फ्रिगेट और सबमरीन एकसाथ कमीशंड हुए

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन वॉरशिप आईएनएस सूरत (डिस्ट्रॉयर), आईएनएस नीलगिरि (स्टेल्थ फ्रिगेट) और आईएनएस वाघशीर (सबमरीन) को राष्ट्र को समर्पित किए। इन तीनों अल्ट्रा-मॉर्डन वॉर शिप से नेवी की ताकत और बढ़ जाएगी। मोदी ने कहा 15 जनवरी को आर्मी डे के रूप में भी मनाया जाता है।

आज भारत की समुद्री विरासत नेवी के गौरवशाली इतिहास और आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए भी बहुत बड़ा दिन है। छत्रपति शिवाजी महाराज ने नौसेना को नया सामर्थ्य दिया था, नया विजन दिया था। आज उनकी इस पावन धरती पर 21वीं सदी की नेवी को सशक्त करने की तरफ हम एक बहुत बड़ा कदम उठा रहे हैं। यह पहली बार हो रहा है, जब एक डिस्ट्रॉयर, फ्रिगेट और सबमरीन को एकसाथ कमीशन किया जा रहा है। ये तीनों मेड इन इंडिया हैं।

### भारत मैरीटाइम पावर बन रहा है : मोदी

जो प्लेटफॉर्म लॉन्च हुए हैं, उनमें भी इसकी झलक है। नीलगिरी चोल वंश के सामुद्रिक सामर्थ्य के प्रति समर्पित है। सूरत वॉर शिप उस वक्त की याद दिलाता है, जब गुजरात को पोर्ट के जरिए वेस्ट एशिया से जुड़ा था। आज बाघशीर सबमरीन की भी कमीशनिंग हो रही है। कुछ साल पहले पी-75 क्लास के पहली सबमरीन की कमीशनिंग का मौका मिला था। आज इस क्लास की छठी सबमरीन समर्पित कर रहा हूं।

### दुनिया का भारत पर भरोसा बढ़ा है

**बीते कुछ महीनों में हमारी नौसेना ने सैकड़ों जानें बचाईं। हजारों करोड़ रुपए के नेशनल और इंटरनेशनल कार्गो की सुरक्षा की है। दुनिया का भारत पर भरोसा बढ़ा है। भारतीय नौसेना, कोस्टगार्ड पर लगातार भरोसा बढ़ता जा रहा है। आसियान हो, ऑस्ट्रेलिया हो, गल्फ हो, अफ्रीका के देश हों, सबके साथ आज भारत का आर्थिक सहयोग लगातार मजबूत हो रहा है।**



### मेक इन इंडिया के मंत्र से काम कर रहे

कर्नाटक में देश की सबसे बड़ी हेलिकॉप्टर बनाने वाली फैक्ट्री शुरू हुई। यूपी-तमिलनाडु में बन रहे डिफेंस कॉरिडोर को और गति मिलेगी। नेवी ने भी मेक इन इंडिया अभियान का विस्तार किया है। मझगांव डॉक यार्ड के आप साथियों की भूमिका है। 10 साल में नेवी में 33 शिप्स और 7 सबमरीन को शामिल किया गया। इनमें से 39 भारतीय शिपयार्ड में ही बने हैं। हमारी सेनाओं ने 5 हजार से ज्यादा ऐसे साजोसमान और उपकरणों की लिस्ट तैयार की है, जो अब वे विदेशों से नहीं मंगाएंगे। जब भारत का सैनिक भारतीय साजोसामान के साथ आगे बढ़ता है, तो आत्मविश्वास भी कुछ अलग ही होता है।

### हम पूरे विश्व को परिवार मानकर चलते हैं : मोदी

भारत विस्तारवाद नहीं, विकासवाद की भावना से काम करता है। ओपन, सिक्योर, इन्क्लूजिव इंडो पैसेफिक रीजन का समर्थन किया है। जब समुद्र से सटे देशों के विकास की बात आई तो भारत ने मंत्र दिया सागर- सिक्योरिटी एंड ग्रोथ फॉर ऑल इन द रीजन। जी-20 में कहा कि वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर। कोरोना के वक्त वन वर्ल्ड, वन हेल्थ कहा। हम पूरे विश्व को परिवार मानकर चलते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### विमेंस इंडिया ने आयरलैंड को 304 रन से हराया

**टीम की सबसे बड़ी जीत; रिकॉर्ड 435 रन बनाए, वनडे का चौथा हाईएस्ट स्कोर**



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय महिला टीम ने बुधवार को राजकोट में आयरलैंड के खिलाफ तीसरा वनडे 304 रन से जीता। इसी के साथ भारत ने तीन मैचों की सीरीज 3-0 से जीत ली है। टीम की रनों के लिहाज से यह सबसे बड़ी जीत है। पिछला रिकॉर्ड 249 रन का था, जब टीम ने 2017 में आयरलैंड को ही हराया था। टीम ने इस मैच में अपना सबसे बड़ा स्कोर बनाया।


पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 5 विकेट पर रिकॉर्ड 435 रन बनाए। तीन दिन पहले भारत ने आयरलैंड के ही खिलाफ 370 रन बनाए थे। यह विमेंस वनडे क्रिकेट का चौथा हाईएस्ट स्कोर है। हाईएस्ट स्कोर का रिकॉर्ड न्यूजीलैंड के नाम है। कीवी टीम ने 2018 में आयरलैंड के ही खिलाफ 491 रन बनाए थे। उधर, कप्तान स्मृति मंधाना ने 70 गेंद में शतक लगाया। वे भारत की ओर से वनडे में सबसे तेज शतक लगाने वालीं महिला क्रिकेटर बन गई हैं। स्मृति ने 80 गेंद में 135 रन की पारी खेली।

## बढ़ता TOON!




# सरकार गतिशील भू-राजनीतिक विश्व व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए सशस्त्र बलों को आधुनिक युद्ध मशीन में बदल रही है : राजनाथ सिंह

बढ़ता राजस्थान




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 15 जनवरी, 2025 को 77वें सेना दिवस समारोह के तहत पुणे में आयोजित गौरव गाथा कार्यक्रम के अपने संबोधन में कहा, सरकार गतिशील भू-राजनीतिक विश्व व्यवस्था और युद्ध के निरंतर बदलते स्वरूप को देखते हुए सशस्त्र बलों को आधुनिक युद्ध मशीन में बदलने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। रक्षा मंत्री ने आज के युद्ध में अपरंपरागत और विषम तरीकों के बढ़ते उपयोग पर प्रकाश डाला और सशस्त्र बलों से हमेशा सतर्क रहने और किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। राजनाथ सिंह ने कहा, संघर्ष और युद्ध अधिक हिंसक और अप्रत्याशित हो जाएंगे। कई देशों में गैर-सरकारी तत्वों का उभरना और उनका आतंकवाद का सहारा लेना भी चिंता का विषय है। तेजी से हो रही तकनीकी प्रगति के कारण भविष्य के युद्धों में काफी हद तक बदलाव देखने को मिल सकता है। साइबर और अंतरिक्ष क्षेत्र तेजी से नए युद्ध क्षेत्रों के रूप में उभर रहे हैं। इसके साथ ही, पूरी दुनिया में कथात्मक और धारणागत युद्ध भी लड़ा जा रहा है। सेना को समग्र क्षमता निर्माण और सुधारों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

रक्षा मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के विजन को साकार करने के लिए एक मजबूत सुरक्षा प्रणाली, मजबूत सेना और सुरक्षित सीमाओं की आवश्यकता पर जोर दिया।

# भाजपा-संघ के साथ इंडियन स्टेट से लड़ रहे : राहुल


**नई दिल्ली।** कांग्रेस लीडर राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि भाजपा और आरएसएस ने देश की सभी संस्थानों पर कब्जा कर लिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस न सिर्फ भाजपा और आरएसएस, बल्कि इंडियन स्टेट (भारत सरकार) से भी लड़ाई लड़ रही है। राहुल ने यह बयान दिल्ली में कांग्रेस के नए मुख्यालय के उद्घाटन के मौके पर कही।

इस बयान के बाद भाजपा बोली कि राहुल ने तो खुलेआम जंग छेड़ दी। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोशल मीडिया पर लिखा- राहुल गांधी ने स्पष्ट कर दिया है कि वे भारत से लड़ रहे हैं। ये लोग भारत को और कमजोर करना चाहते हैं।

### तकनीकी युग की आवश्यकता अनुसार राजस्थान विधानसभा को बनाया जा रहा है पेपरलैस


# वन नेशन-वन एप्लीकेशन के तहत विधान सभा हो रही है डिजिटाईज्ड : देवनानी

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि इस सूचना एवं तकनीकी युग में डिजिटल पद्धति से कार्य किया जाना समय की आवश्यकता है। राजस्थान विधान सभा भी इस क्षेत्र में निरंतर आगे बढे, इसके लिये वन नेशन-वन एप्लीकेशन के तहत विधान सभा में यह प्रयास किया जा रहा है। राजस्थान विधान सभा का सदन सूचना तकनीक के साथ नये कलेवर में तैयार हो गया है। सदन में 200 विधायकों की सीटों पर आईपेड लगाये गये हैं। इन आईपेड के माध्यम से विधायकगण सदन में ऑनलाईन पद्धति से विधान कार्यों का सम्पादन करेंगे। देवनानी की अध्यक्षता में विधान सभा के सदन में आयोजित समारोह में लगभग एक सौ दस विधायकगण ने बुधवार को आइपेड के माध्यम से सदन से संबंधित कार्यों को करने का एक दिवसीय प्रशिक्षण लिया। लोक सभा सचिवालय से आये नेता और एनआईसी के अधिकारियों ने तकनीकी प्रशिक्षण दिया।

# भारत दो माह में 20% एथनॉल मिश्रण का लक्ष्य हासिल कर लेगा : गडकरी



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि भारत अगले दो माह में 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण का लक्ष्य हासिल कर लेगा। पेट्रोल के साथ एथनॉल मिश्रण का चलन 2001 में एक प्रायोगिक परियोजना (पायलट प्रोजेक्ट) के रूप में शुरू हुआ था। गडकरी ने एक कार्यक्रम में कहा, हम अगले दो महीनों में 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण का यह लक्ष्य हासिल कर लेंगे। ई20 (20 प्रतिशत एथनॉल वाला पेट्रोल) के इस्तेमाल से प्रदूषण कम करने में मदद मिलेगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति सुजुकी और हुंदै मोटर्स ने 100 प्रतिशत जैव-एथनॉल पर चलने वाले वाहनों का विनिर्माण शुरू कर दिया है।



## सम्पादकीय

# चुनाव के बीच शराब घोटाले को लेकर कैग ने जारी की रपट, उच्च न्यायालय की आतिशी सरकार को फटकार

इन दिनों दिल्ली विधानसभा चुनाव की सरगर्मी है। हर राजनीतिक दल एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने में जुटा है। इसी बीच कथित शराब घोटाले को लेकर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक यानी कैग की रपट पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया। आम आदमी पार्टी और दिल्ली सरकार कहती रही कि यह रपट दुराग्रहपूर्वक तैयार की गई है। ऐन चुनाव के वक्त इस रपट के आने का मकसद समझा जा सकता है। यह भी कहा गया कि रपट कैग ने नहीं, बल्कि केंद्र सरकार ने तैयार कराई है।

उस रपट को कायदे से विधानसभा के समक्ष पेश किया जाना चाहिए था, मगर वह जारी होने से पहले ही भाजपा नेताओं के हाथ में पहुंच गई। इससे संदेह गहरा होता है। मगर भाजपा ने इसे अदालत में चुनौती दे दी। इस पर उच्च न्यायालय ने दिल्ली सरकार को फटकार लगाई है कि कैग की रपट को विधानसभा के पटल पर रखने और उस पर बहस कराने को लेकर आपने जिस तरह अपने कदम खींचे, उससे संदेह पैदा होता है। आपको रपट उपराज्यपाल को भेजनी और उस पर बहस के लिए विधानसभा का सत्र बुलाने का अनुरोध करना चाहिए था। इस तरह अब आम आदमी पार्टी की कैग को लेकर सारी दलीलें ध्वस्त हो गई हैं।

दरअसल, कथित शराब घोटाले का मामला शुरू से भाजपा और आम आदमी पार्टी के बीच तीखे आरोप-प्रत्यारोपों का मुद्दा रहा है। दिल्ली सरकार कहती रही है कि ऐसा कोई घोटाला हुआ ही नहीं, जबकि इसकी जांच में पाए गए तथ्यों के आधार पर आम आदमी पार्टी के कई नेता जेल भी भेजे गए। यहां तक कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी जेल जाना पड़ा। फिर भी वे इस घोटाले को मनगढ़ंत और साजिश करार देते रहे हैं। इस तरह यह मामला अब भी बहुत सारे लोगों के भीतर भ्रम की तरह बना हुआ है। अब कैग की रपट को भी मनगढ़ंत बताया जा रहा है।

अगर यह मामला मनगढ़ंत ही होता और आम आदमी पार्टी के नेताओं और दिल्ली सरकार को परेशान करने की नीयत से उभारा गया होता, तो न तो जांच एजंसियां उसके नेताओं को गिरफ्तार करने जैसा कठोर कदम उठातीं, न अदालतें उनकी जमानत को लेकर इतने वक्त तक संशय में रही होतीं। अगर कैग की रपट को लेकर आम आदमी पार्टी के आरोप सही होते, तो उच्च न्यायालय उसे विधानसभा के पटल पर बहस के लिए रखने को न कहता।

अब आदमी पार्टी और दिल्ली सरकार से इस बात के जवाब की अपेक्षा होगी कि उसने कैग की रपट को विधानसभा के पटल पर क्यों नहीं रखा। कैग की रपट को बहुत विश्वसनीय माना जाता है। माना जाता है कि वह किसी भी विषय को लेकर बहुत बारीकी और पारदर्शी तरीके से ब्योरे पेश करता है। उस रपट के आधार पर कार्रवाई का सिलसिला तभी शुरू हो सकता है, जब उसे विधानसभा की मंजूरी मिल जाए। उसे विधानसभा में न रखे जाने के कुछ तकनीकी कारण माने जा सकते हैं। एक तो यह कि आचार संहिता लागू होने के बाद सरकार को इसे लेकर हिचक रही होगी। दूसरी, जो कि संदेह पैदा करती है कि सरकार इस चुनावी माहौल में अपने खिलाफ किसी भी तरह का नकारात्मक तथ्य सार्वजनिक करने से परहेज कर रही होगी। दूसरी बात ज्यादा प्रबल लगती है। ऐसे में सवाल उठने स्वाभाविक हैं।

## आज का इतिहास — बढ़ता राजस्थान

### 16 जनवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- फिलिप द्वितीय 1556 में स्पेन के सम्राट बने।
- ब्रिटिश संसद ने 1581 में रोमन कैथोलिक मत को गै़र कानूनी घोषित किया।
- अंग्रेजों ने पांडेचेरी पर से फ्रांससीसियों का अधिकार 1761 में हटा दिया।
- कलकत्ता में 1769 को पहली बार सुनियोजित घुड़दौड़ का आयोजन किया गया।
- 1943 में इंडोनेशिया के अंबोन द्वीप पर अमेरिकी वायुसेना का पहला हवाई हमला।
- विसेंट ऑरियल 1947 में फ्रांस के राष्ट्रपति चुने गये।
- पेरिस में 'लीग ऑफ नेशंस' ने 1920 में अपनी पहली काउंसिल मीटिंग की।
- 1955 में खड्गवासला राष्ट्रीय रक्षा अकादमी का पुणे में औपचारिक रूप से उद्घाटन।
- सोवियत अंतरिक्ष यानों 'सोयुज 4' और 'सोयुज 5' के बीच 1969 में पहली बार अंतरिक्ष में सदस्यों का आदान-प्रदान हुआ।
- अमेरिका का इराक के खिलाफ 'पहला खाड़ी युद्ध' 1991 में शुरू।
- ब्रिटेन एवं भारत के बीच 1992 में प्रत्यर्पण संधि।
- सोवियत संघ ने मंगल ग्रह के लिए दो साल के मानव अभियान की अपनी योजना की 1989 में घोषणा की।
- चीन सरकार ने दो वर्षीय तिब्बती बालक को सन 2000 में 'साकार बुद्ध' के पुरावतार के रूप में मान्यता प्रदान की।
- 2003 में दूसरी अंतरिक्ष यात्रा पर भारतीय मूल की कल्पना चावला रवाना।
- क्रिकेट में उत्तर प्रदेश को 2009 में हराकर मुम्बई ने रिकार्ड 38वीं बार रणजी चैम्पियनशिप जीती।
- सीरिया के इदलिब में 2013 में हुए बम धमाकों में लगभग 30 लोगों की मौत।

### 16 जनवरी को जन्मे व्यक्ति

- 1946 को अभिनेता कबीर बेदी का जन्म।
- 1927 को हिन्दी फि़ल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्री तथा टीवी कलाकार कामिनी कौशल का जन्म।
- 1926 को प्रसिद्ध संगीतकार ओ. पी. नैय्यर का जन्म।
- 1630 को सिक्खों के सातवें गुरु गुरु हरराय का जन्म।

### 16 जनवरी को हुए मृत्यु

- भारत के प्रसिद्ध समाज सुधारक, राष्ट्रवादी महादेव गोविन्द रानाडे की 1901 में मृत्यु।
- सुप्रसिद्ध उपन्यासकार शरत चंद्र चट्टोपाध्याय की 1938 में मृत्यु।
- प्राक्छायावादी युग के महत्वपूर्ण कवि रामनरेश त्रिपाठी की 1962 में मृत्यु।
- भारतीय संस्कृति के प्रचारक, शिक्षाविद और प्रसिद्ध लेखक टी. एल. वासवानी की 1966 में मृत्यु।
- मलयालम सिनेमा के सबसे बड़े सितारों में से एक - प्रेम नजीर (अब्दुल खादिर) की 1989 में मृत्यु।

## विशेष आलेख

# भारत के लिये खतरा है पाक-बांग्लादेश की नजदीकियां



— ललित गर्ग

**2015 में शेख हसीना के कार्यकाल के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ढाका पहुंचे। यहां दोनों नेताओं ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किया। इसे लैंड बाउंड्री एग्रीमेंट कहते हैं। इसी के अन्तर्गत भारत ने अब तक 3271 किलोमीटर सीमा कर बाड़बंदी कर दी है। अब केवल 885 किलोमीटर खुली सीमा की बाड़बंदी बाकी है। भारत बचे इलाके की बाड़बंदी कर रहा है लेकिन बांग्लादेश भारत की कोशिशों में अड़ंगा डाल कर दोनों देशों के बीच हुए समझौते को नकार रहा है। बांग्लादेश के गृह मंत्रालय ने ढाका में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को बुलाकर विरोध व्यक्त किया तो इसके जवाब में भारत ने भी जवाबी कार्रवाई की और बांग्लादेश के डिप्टी हाईकमिश्नर नूरूल इस्लाम को तलब कर अपना विरोध जताया। भारत अपनी सीमाओं को अभेद्य बना रहा है। सीमाओं के खुले रहने से बांग्लादेश से लगातार अवैध घुसपैठ, हथियारों की तस्करी, ड्रग स्मगलिंग, नकली नोटों का कारोबार और आतंकवादी गतिविधियां लगातार हो रही हैं।**

सिबाग्लादश का कायवाहक सरकार प्रधानमंत्री शेख हसीना के अपदस्थ होने के बाद से लगातार भारत विरोधी गतिविधियों एवं कारगुजारियों एवं षडयंत्रों में संलग्न है, लगता है पाकिस्तान के शह पर बांग्लादेश का भारत विरोधी रवैया बढ़ रहा है। बांग्लादेश में लगातार भारत विरोधी मुहिम व अल्पसंख्यक हिन्दुओं एवं हिन्दू धर्मस्थलों पर हिंसक हमलों के बाद अब भारत सीमा पर बाड़बंदी को लेकर बेवजह का विवाद खड़ा किया जा रहा है। जबकि इस मुद्दे पर दोनों देशों के बीच पहले ही सहमति बनने के बाद बड़े हिस्से पर बाड़बंदी हो चुकी है। लेकिन टकराव मोल लेने को तैयार बैठे बांग्लादेश के हुक्मरान विवाद के नये-नये मुद्दे तलाश रहे हैं एवं दोनों देशों की आपसी संबंधों को नेस्तनाबूंद कर रहे हैं। बांग्लादेश भारत की शांति व सद्भाव की कामना एवं सहनशीलता को उसकी कमजोरी न माने, ऐसी भूल बांग्लादेश के लिये बहुत भारी पड़ सकती है। दोनों देशों की शांति, सद्भावना एवं सौहार्द के लिये किसी तीसरे देश के दखल को बढ़ने न दिया जाये। विशेषत: पाकिस्तान अब अपनी आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिये बांग्लादेश का उपयोग कर रहा है। दरअसल, बांग्लादेश की युनूस सरकार पाकिस्तान के इशारों पर पुराने मुद्दे उछाल कर विवाद को हवा दे रही है। निश्चित ही पाक से उसकी नजदीकियां लगातार बढ़ी हैं और वहां पाक सेना के अधिकारियों की सक्रियता देखी गई है, ऐसी जटिल होती स्थितियों में भारत को अपनी सुरक्षा चिंताओं के लिये कदम उठाने ही चाहिए एवं अपनी सीमाओं को सुरक्षित बनाना ही चाहिए। पाकिस्तान पंजाब, जम्मू-कश्मीर व नेपाल के रास्ते आतंकवादियों को भारत भेजने की कोशिशें लगातार करता रहा है, अब उसने बांग्लादेश को भी इन गतिविधियों के लिये चुना है एवं बांग्लादेश से लगी भारत की खुली सीमा का दुरुपयोग कर रहा है तो भारत को सतर्क एवं सावधान होना ही चाहिए। पाकिस्तान से लगती सीमा पर तमाम चौकसी के बाद भी सीमा पार से जिस तरह जब-तब आतंकियों की घुसपैठ होती रहती है, वह गंभीर चिंता की बात है। जब पाकिस्तान से लगती सीमा भारत की सुरक्षा के लिए खतरा बनी हुई है, तब यह शुभ संकेत नहीं कि बांग्लादेश से लगी सीमा भी भारत के लिए चिंता का कारण बने। बड़ी सच्चाई है कि पाक का जन्म ही भारत विरोधी मानसिकता से हुआ है। ऐसे में अतीत से सबक लेते हुए भारत को अपनी सीमाओं की सुरक्षा को लेकर किसी तरह की चूक नहीं करनी चाहिए। किसी भी तरह की ढिलाई भारतीय सुरक्षा पर भारी पड़ सकती है। भारत की उदारता को बांग्लादेश हमारी कमजोरी न मान ले, इसलिए उसे बताना जरूरी है कि भारत से टकराव की कीमत उसे भविष्य में चुकानी पड़ सकती है। यह भी कि संबंधों में यह कसैलापन, दौगलापन एवं टकराव लंबे समय तक नहीं चल सकता। उसकी यह कटुता उसके लिये ही कालांतर घातकएवं विनाशकारी साबित हो सकती है। यह विडंबना ही है कि नोबेल पुरस्कार से सम्मानित अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस से क्षेत्र में शांति व सद्भाव की जो उम्मीदें थी, उसमें उन्होंने मुस्लिम कट्टरपंथ को आगे करके निराश ही किया है। उनकी सरकार लगातार विघटनकारी, अड़ियल व बदमिजाजी का रुख अपनाए हुए है, दोनों देशों के संबंध बिगाड़ने में पर्दे के पीछे पाकिस्तान की भूमिका को साफ-साफ देख जा रहा है। जबकि शेख हसीना शासनकाल में भारत और बांग्लादेश के संबंध सामान्य थे तो भारत बांग्लादेश को विश्वास में लेकर बाड़बंदी कर रहा था लेकिन अब यूनुस सरकार लगातार उकसाने वाली कार्रवाई कर रही है। उसने पाकिस्तानियों का बांग्लादेश में प्रवेश आसान कर दिया है तो पाक के बांग्लादेश को भारत विरोधी प्लेटफॉर्म के रूप में इस्तेमाल करने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इसी के चलते बांग्लादेश की भारत विरोधी बयानबाजी और कारगुजारी से दोनों देशों के संबंधों में जबरदस्त कड़वाहट आ चुकी है। बावजूद इसके गत दिसम्बर में भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने अपनी ढाका यात्रा के दौरान बांग्लादेश को आश्वस्त किया था कि भारत उसका दोस्त बना हुआ है और व्यापार, ऊर्जा, बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी के मामलों में रिश्ते पहले की तरह बरकरार रहेंगे। उस समय ऐसा लगा था कि दोनों पक्षों ने सीमा पर स्थिति को शांत कर लिया है। यूनुस सरकार ने भारत विरोधी तत्वों को न केवल हवा दी है बल्कि उनको उग्र कर दिया है। जेल में बंद कई भारत विरोधी तत्वों को बेल दे दी गयी है, ये ही तत्व भारत में अस्थिरता फैलाने की साजिश रच रहे हैं। लिहाजा भारत के लिये बॉर्डर पर घेराबंदी अत्यावश्यक हो गयी है। राजनीतिक आग्रह, पूर्वाग्रह एवं दुराग्रह के चलते यूनुस सरकार शेख हसीना के पिता की विरासत को निपटाने एवं धुंधलाने की कोशिशों में लगी हुई है। कट्टरपंथी तत्व जनाक्रोश के चलते अपनी सुविधा का मुहावरा गड़ने का प्रयास कर रहे हैं। भारत में पहले से ही लाखों बांग्लादेशी अवैध रूप से रह रहे हैं लेकिन ढाका द्वारा आतंकवादियों और दोषी ठहराए गए इस्लामी कट्टरपंथियों की रिहाई के बाद भारत द्वारा बॉर्डर पर कंटीले तारों को लगाने की कोशिश का बांग्लादेश?सरकार द्वारा कड़ा विरोध दर्शा रहा है कि पाकिस्तान की तरह बांग्लादेश भी भारत में अस्थिरता, अशांति एवं अराजकता फैलाना चाहता है।

# पुरुषों के गढ़ तोड़ने वाली 'प्रथम महिलाओं' को पहचानने की आवश्यकता

**कैबिनेट द्वारा स्वीकृत नियुक्तियों के नवीनतम दौर के साथ पहली बार रेलवे बोर्ड में महिलाएँ ड्राइवर की सीट पर हैं। कांच की छत को तोड़ते हुए, रेलवे बोर्ड का नेतृत्व पहले से ही एक महिला द्वारा किया जा रहा है, अब संचालन और व्यवसाय विकास के प्रभारी एक महिला सदस्य हैं और उसी रैंक की एक अन्य महिला सदस्य वित्त सदस्य के रूप में वित्त की देखभाल करती हैं। महिला सशक्तिकरण को प्रेरित करने के एक अन्य तरीके में, भारतीय रेलवे ने एक पूरी ट्रेन और रेलवे स्टेशन महिलाओं को समर्पित करना शुरू किया। मणिनगर रेलवे स्टेशन (गुजरात) और माटुंगा रोड स्टेशन (मुंबई, महाराष्ट्र) का प्रबंधन महिला कर्मचारियों द्वारा किया जाता है। महाराष्ट्र के नागपुर में स्थित अजनी रेलवे स्टेशन की सफाई, ट्रैक की खराबी का पता लगाने और उनकी मरम्मत के लिए महिला ट्रैक मेंटेनर काम करती हैं।**



— प्रियंका सौरभ

महिलाओं का सशक्तिकरण शायद 20वीं सदी के बाद से सबसे ज़्यादा परिभाषित करने वाला आंदोलन है। हम ऐसी महिलाओं की प्रेरक कहानियाँ सुनते हैं जिन्होंने पुरुष-प्रधान भूमिकाओं में अपनी छाप छोड़ी है, जैसे सार्वजनिक जीवन और सरकार में, उद्योग के कप्तान के रूप में और खेल में। आज जीवन के हर क्षेत्र में महिलाएँ अग्रणी हैं और हर बीतते साल के साथ उनकी संख्या बढ़ती जा रही है और फिर भी, भारतीय रेलवे के कर्मचारियों में केवल 6-7त्न महिलाएँ हैं। आज संख्या चाहे जो भी हो, पुरुष-प्रधान क्षेत्रों की उथल-पुथल में क़दम रखने वाली प्रथम महिलाओं को पहचाने जाने की आवश्यकता है। वे अग्रणी, साहसी थीं और इस नए क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए उनमें अपार साहस था। 19वीं शताब्दी में घर से बाहर काम करना महिलाओं के लिए बुरा माना जाता था- पुरुष कर्मचारी प्रतिस्पर्धा से डरते थे, जबकि मध्यम वर्ग की महिलाएँ गृहिणी और शिक्षिका के रूप में पहचान चाहती थीं। न ही पुरुषों और महिलाओं को एक ही परिसर में मिलाना उचित माना जाता था। सामाजिक रीति-रिवाज सख्त थे और लिंग भेद आदर्श था। लेकिन जैसे-जैसे रेलमार्गों का विस्तार हुआ, श्रमिकों की मांग बढ़ी। रेल कंपनियों द्वारा नियोजित पहली महिलाएँ रेल कर्मचारियों की बेसहारा विधवाएँ थीं। प्रबंधकों ने उन्हें वेतनभोगी रोजगार की पेशकश की-हालाँकि पूरी तरह से दया से नहीं, क्योंकि वे अपने पुरुष समकक्षों की तुलना में काफ़ी कम कमाती थीं। जया चौहान 1984 बैच के भाग के रूप में रेलवे सुरक्षा बल में पहली महिला अधिकारी थीं। शुरुआत में एक प्रशासनिक अधिकारी के रूप में काम करते हुए, मातृभूमि की सेवा करने और अप्राप्त गढ़ों की खोज करने के उनके जुनून ने उन्हें उस आरामदायक नौकरी को छोड़ने और कूदने के लिए मजबूर किया। रेलवे की पुलिसिंग में जया ने न केवल रेलवे में अच्छा प्रदर्शन किया, बल्कि देश में अर्धसैनिक बलों में पहली महिला महानिरीक्षक भी बनीं। 1981 बैच के रेल उम्मीदवारों में से, एम. कलावती को भारतीय रेलवे सिग्नल इंजीनियर्स सेवा की पहली महिला सदस्य के रूप में शामिल किया गया था। वह वर्तमान में दक्षिणी रेलवे जोन में मुख्य सिग्नल इंजीनियर के रूप में काम करती हैं। रेलवे सेवाओं में शामिल होने से पहले, 1988 में, कल्याणी चड्ढा ने जमालपुर में 1983 बैच के विशेष श्रेणी अपरेंटिस में भारतीय रेलवे मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग संस्थान में चार साल बिताए। कल्याणी के नेतृत्व में 13 महिलाएँ हैं जो अब सेवा में हैं और 10 और जो जमालपुर में प्रशिक्षुता कर रही हैं। मंजू गुप्ता, जो वर्तमान में बीकानेर डिवीजन के डिवीजनल रेल मैनेजर के रूप में कार्यरत हैं 1998 बैच की मोना श्रीवास्तव भारतीय रेलवे इंजीनियर्स सेवा में शामिल होने वाली पहली महिला सदस्य थीं, जो तब तक केवल पुरुषों के लिए थी। इस सदी की शुरुआत में ही, यानी 2002 में, 1967 बैच की सदस्य विजयलक्ष्मी विश्वनाथन

## शख्सियत — बढ़ता राजस्थान

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं अपनी मुस्कान से ही आधे से अधिक मरीजों को ठीक करने वाले जाने माने होम्योपैथिक फिजिशियन डॉ.संजय चेलानी। डॉ.संजय चेलानी का जन्म अलवर में ही 20 मार्च सन1976 को हुआ। शुरू से ही धर्म और आध्यात्मिक पृष्ठभूमि घर परिवार में देखी तो ठीक ऐसे ही इनका लालन पालन हुआ। इन्होंने 2002 में राजस्थान यूनिवर्सिटी से पास किया अलवर कॉलेज से। 2005 तक संत सुखदेव धर्मार्थ चिकित्सालय में सेवाएं दी। उसके बाद से आज तक होमियोपैथिक कॉलेज में अस्सिटेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। 2022 से लॉर्ड्स कॉलेज में गेस्ट लेक्चरर के रूप में सेवा दे रहे हैं। 2004 से आज तक हर बुधवार को खैरथल में सेवाए देते हैं।

पिछले 15 सालों से जरूरत मंद लोगो को घर पर हॉस्पिटल बेड, व्हीलचर, ऑक्सीजन सिलेंडर आदि किसी भी सामान की जरूरत हो नि:शुल्क प्रदान करवाते है। पिछले 10 सालों से पूज्य सिंधी पंचायत में लगने वाले ब्लड कैंप में अपना सहयोग तथा जरुरत मंद को ब्लड की व्यवस्था में सहयोग करते हैं। डिग्री पूरी होने के बाद आज तक घर स्कीम नंबर-2 पर पेशेंट देखते हैं और इनकी मुस्कान और इनकी सकारात्मक विचारधारा का प्रवाह इतना अधिक होता है कि मरीज स्वत: ही ठीक होने लगता है। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम ऐसे शानदार चिकित्सक के उज्जवल भविष्य की कामना करती है।



डॉ.संजय चेलानी
होम्योपैथिक फिजिशियन

रूपक शर्मा

## 2025_016 a बढ़ता राजस्थान — Ans_2025_015

### Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 6 | 8 | 7 | | | 5 |
| | 1 | 8 | | | | 9 | 6 | |
| | | 6 | | 9 | 1 | 8 | 3 | 4 |
| 9 | | | 3 | | 6 | | 1 | |
| | 8 | | | | | | 7 | 6 |
| | 4 | | | | 2 | | 9 | 3 |
| | 6 | | | | 5 | | 8 | |
| 1 | 3 | | 9 | 4 | | 6 | | 2 |
| 8 | | 5 | | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 |

Ans_2025_015

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 5 |
| 2 | 1 | 8 | 5 | 3 | 4 | 9 | 6 | 7 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 1 | 8 | 3 | 4 |
| 9 | 7 | 2 | 3 | 5 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 5 | 8 | 3 | 4 | 1 | 9 | 2 | 7 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 7 | 2 | 5 | 9 | 3 |
| 4 | 6 | 9 | 7 | 2 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 1 | 3 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 | 5 | 2 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 |

**कैसे खेलें**

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
मित्रों के साथ आनंददायक प्रवास होगा, तो दांपत्यजीवन में भी आप ज्यादा निकटता बना सकेंगे। महिला मित्रों से विशेष लाभ होगा। अविवाहितों को जीवनसाथी की तलाश में सफलता मिलेगी।

**वृष**
मानसिक व्यग्रता को दूर करने के लिए आध्यात्मिकता, योग का सहारा लें। महिला और पानी से बचकर रहें। अभ्यास के लिए समय मध्यम है। आज आप को ज्यादा संवेदनशील एवं भावुकता भरे विचार आएंगे।

**मिथुन**
आज रिश्तेदार एवं मित्रों के साथ मुलाकात से आप आनंद का अनुभव करेंगे। आर्थिक योजना में आपको पहले थोड़ी मुसीबत हो सकती है, आपके जरूरी काम भी शुरुआती विलंब के बाद आसानी से पूरे होने पर शांति का अहसास करेंगे।

**कर्क**
दूसरों की ओर से चिंता कम होगी। इस कारण आप का मन खुश रहेगा। परिजनों या दोस्तों के साथ अच्छे भोजन का अवसर मिलेगा। कोई आकस्मिक यात्रा हो सकती है। आर्थिक मामलों से संबंधित व्यवस्था कर सकेंगे। काम समय से पूरा नहीं होगा।

**सिंह**
काम का बोझ ज्यादा रहेगा। नए काम की शुरुआत न करें। शारीरिक स्वास्थ्य बिगड़ेगा। मन बेचैन एवं चिंतित रहेगा। वाणी पर संयम रखें। खर्च ज्यादा होगा। आज आपका दिन शुभ है। व्यापार बढ़ाने को लेकर आपके प्रयास रंग लाएंगे।

**कन्या**
अधिकारियों का रवैया नकारात्मक रहेगा। विरोधियों के साथ वाद-विवाद न करें। संतान से मतभेद हो सकते हैं। यात्रा की संभावना है। धनखर्च होगा। कार्य सफलता में विलंब होने के कारण निराशा का अनुभव होगा।

**तुला**
प्रवास, सुंदर भोजन एवं प्रियजन के साथ से आप रोमांचित रहेंगे। पत्नी के संग से मन प्रसन्न रहेगा। आज आपको कोर्ट-कचहरी से जुड़े मामलों के लेकर सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। आज मन भावनाओं से व्यथित रहेगा।

**वृश्चिक**
आज आपको काफी संवेदनशीलता का अनुभव होगा। इस कारण किसी के द्वारा आपकी भावना को ठेस पहुंच सकती है। आज आपको मां की बीमारी की चिंता होगी। मकान या जमीन के दस्तावेजी काम आज न करें।

**धनु**
जमीन-जायदाद के दस्तावेजी काम कर सकेंगे। आपका आज का दिन प्रतिकूलताओं एवं अनुकूलताओं से भरा होगा। लेखन-साहित्य से जुड़े काम कर सकेंगे। हांलाकि, व्यवसायिक स्थल पर प्रतिकूल परिस्थिति रहेगी।

**मकर**
महिलाओं के बारे में विशेष ध्यान रखें। वाणी एवं व्यवहार में सावधानी बरतें। विदेश से कोई समाचार मिल सकता है। कानूनी बातों का निर्णय सोच-समझकर करें। आज घर, परिवार एवं व्यापार जैसे तमाम क्षेत्रों में आको लाभ होगा।

**कुंभ**
आज आप के लिए नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आप पर अधिकारियों की कृपा दृष्टि रहेगी। परिवार में उत्सव और उल्लास का माहौल बना रहेगा। मन में भावनात्मकता बढ़ेगी। मां की ओर से फायदा होगा।

**मीन**
अनुकूल वातावरण रहेगा और साथियों का सहयोग मिलेगा। आज आप प्यार एवं भावना के प्रवाह में रहेंगे। दोस्त, स्वजनों और रिश्तेदारों की ओर से कोई उपहार मिल सकता है। आप उनके साथ अपना दिन खुशी में गुजार सकेंगे। कमिशन, ब्याज से आपकी आय में वृद्धि होगी।

# भाजपा की संविधान गौरव यात्रा

## अम्बेडकर की हमेशा विरोधी रही है कांग्रेस - गोठवाल

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** संविधान गौरव यात्रा को लेकर भारतीय जनता पार्टी सवाई माधोपुर जिला कार्यालय पटेल नगर में बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता में भाजपा के प्रदेश मंत्री एवं खंडार विधायक जितेंद्र गोठवाल ने डॉ भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार शुरू से ही बाबा साहब की विरोधी रही है, उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस शुरू से ही भीमराव अंबेडकर एवं दलित समाज की विरोधी रही है। गोठवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के विचारों को अपनाया है बाबा साहब की न्याय समानता और सशक्तिकरण पर आधारित एक आदर्श राष्ट्र की परिकल्पना थी जिसको भाजपा ने अपनाते हुए सामाजिक और आर्थिक सुधारो की दिशा में अनेक कदम उठाए हैं। अम्कोबेडकर को भाजपा समर्थित सरकार ने भारत रत्न प्रदान किया तथा सन 1990 में संसद में उनका चित्र भी स्थापित किया। भाजपा ने अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए आरक्षण को 10 वर्षों के लिए बढ़ाया, भाजपा ने जम्मू कश्मीर से धारा 370 को हटाकर वहां के नागरिकों को समान अधिकार प्रदान किया जो कि अंबेडकर के दृष्टिकोण के अनुरूप था, भाजपा सरकार ने 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाने की परंपरा शुरू करी भारत रत्न बाबा साहब की 125वीं जयंती के अवसर पर रु 125 और रु 10 के स्मारक सिक्के जारी किए गए जो राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को चिन्हित करेंगे, कांग्रेस हमेशा से ही अंबेडकर की विरोधी रही है उन्होंने सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन में सदैव बाबा साहब को कमजोर करने का प्रयास किया है । प्रेस वार्ता को भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील दीक्षित ने भी संबोधित किया उन्होंने भाजपा सरकार की उपलब्धियों को लेकर कहा कि स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के हजारों युवाओं को सरकारी नौकरी की सौगात दी, भाजपा की सरकार मुख्यमंत्री भजनलाल के नेतृत्व में प्रदेश की पहली ऐसी सरकार है जो लगातार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने का काम कर रही है, दूसरी और कांग्रेस की सरकार थी जहां पर युवाओं को रोजगार का अता पता नहीं था, बल्कि कांग्रेस नेता मिलकर पेपर लीक करते थे । राष्ट्रीय युवा दिवस पर 30 हजार करोड़ रुपए से अधिक के 76 हजार कारों का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया । गौरतलब है कि भाजपा की यह संविधान गौरव यात्रा प्रत्यक जिले में मंडल एवं बूथ स्तर तक पहुंचेगी और बाबा साहब के विचारों को जनता के बीच रखेगी । प्रेस वार्ता के दौरान संविधान गौरव यात्रा के संयोजक चंपालाल मीणा, जिला उपाध्यक्ष बलबीर सिंह राजावत, जिला कोषाध्यक्ष दीनदयाल अग्रवाल, बजरिया मंडल अध्यक्ष नीलकमल जैन, मंडल उपाध्यक्ष प्रणव गौतम, सुधीर शर्मा, फ़िलाल खान उपस्थित रहे ।

# दूध का दूध पानी का पानी अभियान से दूधियो में मचा हड़कम्प

## पहले दिन 24 सेम्पल लिए, 13 अवमानक व 2 मिले नकली,अभियान निरन्तर रहेगा जारी

बढ़ता राजस्थान




**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा दूध डेयरी द्वारा राजस्थान डेयरी फेडरेशन के आदेशानुसार व टोंक जिला दूग्ध उत्पादक सहकारी संघ के प्रबन्धक विष्णु कुमार शर्मा के निर्देशो की पालना में शूरू किए दूध का दूध पानी का पानी अभियान के प्रथम दिन 24 दूध सेम्पल लिए गए। इनमें से 2 सेम्पल नकली व 13 सेम्पल स्वास्थ्य की दृष्टि से अवमानक मिले। मालपुरा डेयरी दूग्ध संयत्र प्रभारी रामअवतार शर्मा ने बताया कि राजस्थान डेयरी फेडरेशन के आदेशानुसार व टोंक जिला दूग्ध उत्पादक सहकारी संघ के प्रबन्धक विष्णु कुमार शर्मा के निर्देशो की पालना में नकली दूध बेचने वालो के खिलाफ दूध का दूध पानी का पानी अभियान शुरू किया गया है। यह अभियान जब तक जारी रहेगा जब तक मालपुरा क्षैत्र के लोगो को शुद्ध व पेक दूध लेने की आदत न पड़ जाए।साथ ही अभियान के दौरान आम जन को शुद्ध स्वास्थ्य वर्धक व पेक दूध उपयोग लेने के भी प्रेरित किया जाएगा। अभियान लाम्बाहरिसिंह, डिग्गी, पचेवर, लावा, टोरड़ी सहित अन्य मुख्य ग्रामीण अंचलो में भी चलाया जाएगा। बुधवार को मालपुरा डेयरी के पुराने कार्यालय के बाहर जाच शिविर लगाया गया। शिविर में डेयरी प्लांट इंचार्ज रामअवतार शर्मा सहित अमित कुमार चौधरी, रामअवतार गियाड़ ,राजाराम चौधरी सहित अन्य जांच विशेषज्ञ मौजुद रहे। शर्मा ने बताया कि अभियान के प्रथम दिन कुल 24 सेम्पल एकत्रित किए गए। इनकी जांच के बाद 2 दूध के सेम्पल तो बिलकुल नकली मिले। वहीं 13 सेम्पल ऐसे मिले जिनका उपयोग स्वास्थ्य के लिहाज से अनपुयोगी व अवमानक हैं। शर्मा ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्धेश्य आम जन को दूध के प्रति जागरूक करना, आम जन को शुद्ध एवं स्वास्थ्य वर्धक दूध उपयोग लेने के लिए प्रेरित करना तथा आम जन को खुले दूध के स्थान पर पेक दूध उपयोग लेने की सलाह देना है। इधर डेयरी द्वारा जांच अभियान शुरू करने व जांच के शिविर लगाने की जानकारी मिलते ही दूधियो में हड़कम्प मच गया। जिसमें नकली व अवमानक दूध बेचने वाले तो जांच से बचने के लिए इधर उधर दौड़ते नजर आए। नकली व अशुद्ध बेचने वाले कई दूधिए तो ड्रमो में भरे दूध को जमीन पर बिखेरने के लिए भी मजबूर हुए।

# नशा नहीं करने का लिया संकल्प

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** चौथ का बरवाड़ा कस्बे में सामाजिक संस्था म्हारो बरवाड़ो फाउंडेशन एवं निजी महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में स्वामी विवेकानंद जयंती पखवाड़ा के तहत छात्र संवाद कार्यक्रम एवं विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों के साथ संवाद के दौरान कहा कि हमारे देश के समक्ष इस समय अनेक ज्वलंत समस्याएं हैं। युवा अपने संस्कार, अपनी कड़ी मेहनत, स्वाध्याय और सामाजिक समरसता के माध्यम से बेहतरीन तरीके से उन्हें हल कर सकते हैं। संपूर्ण देश के समक्ष नशा एक बहुत बड़ी समस्या बन चुका है। जिसमें लाखों युवा नशे की गिरफ्त में आ चुके हैं। जिससे हमारा राष्ट्र कमजोर हो रहा है। इस प्रवृत्ति को छोड़ने के लिए सभी विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि हम स्वयं अपने परिवार, अपने मोहल्ले व अन्य लोगों को इस लत से दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे। इस दौरान म्हारो बरवाड़ो फाउंडेशन की ओर से चलाए जा रहे नशा विरोधी जन जागरूकता अभियान (मिशन अगेंस्ट नारकोटिक्स सब्सटेंस एब्यूज) के तहत हस्ताक्षर कर न नशा करूंगा न ही नशा करने दूंगा के संकल्प को दोहराया।

इस दौरान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के धारा सिंह गुर्जर, म्हारो बरवाड़ा फाउंडेशन के समन्वयक अनेद्र सिंह आमेरा छात्रा प्रवीणा गुर्जर, छात्र प्रद्युम्न गौतम आदि वक्ताओं ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर प्रकाश डाला।

# साधारण सभा की बैठक के लिए संशोधित एजेण्डा जारी

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** नगरपालिका मालपुरा की 20 जनवरी को पालिका सभा भवन में पालिकाध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली साधारण सभा की बैठक के लिए संशोधित एजेण्डा जारी किया गया है।

नगरपालिका के अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट ने पालिका के अधिशासी अधिकारी उपखण्ड अमित कुमार चौधरी के हवाले से बताया कि 7 जनवरी को पालिका की साधारण सभा के लिए एजेण्डा जारी किया गया है। जारी एजेण्डे में कुछ परिवर्तन किया गया है। जिसके अनुसार 20 जनवरी सोमवार को दोपहर बाद 3 बजे नगरपालिका की आयोजित होने वाली साधारण सभा की बैठक में शास्त्री नगर विस्तार योजना व घाटी रोड राजकीय अस्पताल के सामने भूखण्ड निलाम किए जाने पर विचार व निर्णय, पशु चिकित्सालय एवं आबकारी विभाग मालपुरा के भवनो को आबादी क्षैत्र से बाहर स्थानान्तरित कर दोनो विभागो को भूमि दिए जाने पर विचार व निर्णय, नगरपालिका मालपुरा के कार्यालय भवन को अन्यत्र स्थानान्तरित कर नए स्थान पर कार्यालय भवन निम्रण करवाऐ जाने पर विचार व निर्णय, शहर के ब्रह्म तालाब व झालरा के सौन्दर्यकरण व विकास पर विचार व निर्णय तथा विकास कार्यो पर विचार व निर्णय एजेण्डा रहेगा। जिस पर साधारण सभा में विचार विमर्श किया जाएगा।

# पटवारी हड़तालः तहसील में सन्नाटा, मायूस लौट रहे फरियादी

## प्रदेश में 12 हजार कार्मिक हैं शामिल

बढ़ता राजस्थान


सूना पड़ा तहसील कार्यालय

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** प्रशासनिक अमले की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी माने जाने वाले पटवारी मांगों को लेकर एक बार फिर आंदोलन की राह पर है। प्रदेशभर में 13 जनवरी से पटवारी आंदोलन कर रहे है। राजस्थान पटवार संघ के बैनर तले पटवारियों ने अनिश्चितकालीन कार्य का बहिष्कार कर दिया है। प्रदेश भर में करीब 12 हजार से अधिक पटवारी हड़ताल पर चले गए है। इससे तहसील परिसर में जरूरी कामकाम पूरी तरह से ठप पड़ा है।

### सूने पड़े हैं कार्यालय परिसर व कक्ष

पटवारियों की हड़ताल के चलते तहसील कार्यालय परिसर व कक्ष सूने पड़े हैं। दूसरे दिन मंगलवार को भी पटवारियों ने अपनी 9 सूत्री मांगों के समर्थन में तहसील मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन के दौरान मांगों के समर्थन में नारे लगाए गए। इस दौरान राजस्थान पटवार संघ उपशाखा अध्यक्ष पंकज गोयल, महामंत्री श्रीधर गुप्ता, दिनेश मीना, मेघराज मीना, सरिता मीना आदि मौजूद थे।

### पहले आश्वासन पर लौटे थे

प्रदेश में 12 हजार से अधिक पटवारी हड़ताल पर हैं। वहीं जिले से भी ढाई सौ पटवारियों ने हड़ताल कर दी है। 9 सूत्रीय मांगों को लेकर पटवार संघ राजस्थान लंबे समय से आंदोलन की राह पर है। पूर्व में सरकार से मिले आश्वासन के बाद राज्यभर के पटवारी काम पर लौटे थे। लेकिन सरकार की ओर से समय रहते मांगों को पूरा नहीं किया गया। ऐसे में एक बार फिर पटवारी वापस आंदोलन करने को मजबूर है।

### गिरदावरी एप में संशोधन की कर रहे मांग


राजस्थान पटवार संघ की 9 सूत्री मांगों में सबसे प्रमुख मांग गिरदावरी एप को संशोधन कराने की है। वर्तमान में गिरदावरी के लिए सरकार ने एप बनाया है। इसमें सर्वेयर के जरिए गिरदावरी करवाई जा रही है। पटवार संघ ने गिरदावरी के लिए एप में संशोधन करने और सर्वेयर की नियुक्ति नहीं करने की मांग की है। नौ सूत्री मांगों को लेकर उपखंड व तहसील मुख्यालय पर पटवारियों की ओर से हड़ताल पर धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है। मांगों को लेकर आगामी दिनों में गिरदावर को साथ रखने की रणनीति बनाई जाएगी। तहसील से जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा।

**-दिनेश मीणा, पटवार संघ जिलाध्यक्ष, सवाईमाधोपुर**

### यह कार्य हो रहा प्रभावित

पटवारियों की हड़ताल के चलते तहसील परिसर में गिरदावरी करवाने, आधार से लैंड सीडिंग, कृषि गणना, सीमा ज्ञान, नामान्तकरण प्रक्रिया सहित अन्य पटवार कार्यालय संबंधित कामों में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पिछले दो दिन से किसान व अन्य लोग तहसील परिसर के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन पटवारियों की हड़ताल के चलते निराश लौट रहे हैं।

# जंगल में मानव अंग मिलने की अफवाह से हड़कंप



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** रणथभौर बाघ परियोजना की सीमा से सटे एण्डा गांव के निकट एक पहाड़ी पर चरवाहों की ओर से इंसान के हाथ का पंजा तथा जूता मिलने की सूचना अफवाह निकली। हालांकि इससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। साथ ही पुलिस भी सक्रिय हो गई। चर्चाओं के बीच किसी ने मंगलवार को कुण्डेरा पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पर कुण्डेरा थाना पुलिस संदिग्ध स्थान पीली डूंगरी पर पहुंची। जहां ग्रामीणों के साथ पुलिसकर्मियों ने लगभग चार घंटे तक जंगल के बीच पहाड़ी में खाक छानी, लेकिन कहीं भी इंसान का पंजा या जूता नहीं मिला। इसके बाद पुलिस खाली हाथ लौट आई। इस सबंध में थानाधिकारी हरिमन का कहना है कि कुछ लोगों ने जंगल के बीच मानव शव होने की जानकारी दी थी। इस पर पुलिस ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंची, लेकिन कुछ नहीं मिला। हालांकि कुछ लोगों का कहना है कि जिस चरवाहे ने यह बात कही वो आज भी जंगल के अंदर ही बकरी चराने गया है। उसके पास फोन नहीं होने से सपर्क नहीं हो सका।

जंगल से उसके वापस आने के बाद ग्रामीण चरवाहे को लेकर जंगल में जाएंगे। जहां इन अफवाहों की पुष्टि के बाद पुलिस को सूचना देंगे।

# दिनभर आसमान में छाए रहे घने बादल, हाड़ कंपाने वाली सर्दी से लोगों की दिनचर्या हुई प्रभावित


अलाव तापकर सर्दी से बचते लोग


रक्त आंचल पर्वत पर छाया कोहरा

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( मनीष शर्मा )।** कड़ाके की ठंड के कारण बुधवार को दिनभर कोहरा और बादलों का पहरा रहा। सूर्यदेव पूरी तरह से ओट में छिपे रहे, जिससे ठंड ने आमजन की मुश्किलें बढ़ा दीं। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में एक सप्ताह से कड़ाके की ठंड और शीतलहर का प्रकोप जारी है, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। दोपहर में भी घना कोहरा छाया रहा, और सर्द हवाओं के साथ ओस की बूंदें फुहार की भांति गिरती रहीं। हाड़ कंपाने वाली सर्दी से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हुई। सर्द हवाओं से बचने के लिए लोग दिनभर अलाव जलाते नजर आए। राष्ट्रीय राजमार्ग पर दृश्यता (विजिबिलिटी) बेहद कम होने के कारण वाहनों की रफ्तार धीमी पड़ गई। घने कोहरे के चलते दिन में भी वाहन चालकों को हेडलाइट जलाकर वाहन चलाने पड़े। वाहन रेंग-रेंगकर चलते दिखे। ठंड के कारण बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। लोग सुबह देर तक घरों में दुबके रहे और केवल जरूरी कामों के लिए ही बाहर निकले। गर्म पेय पदार्थों का सहारा लेने का सिलसिला दिनभर जारी रहा। कोहरे और सर्दी के कारण बस स्टैंड, राजकीय सामुदायिक अस्पताल, सरकारी दफ्तरों और सार्वजनिक स्थानों पर लोग अलाव तापते नजर आए। शाम ढलने से पहले ही बाजारों में सन्नाटा छा गया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी सर्दी से बचने के लिए लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं। शहर में छाए घने कोहरे के कारण रक्तांचल पर्वत दिनभर कोहरे की चादर में लिपटा रहा। दृश्यता एक किलोमीटर से भी कम रही, जिससे जनजीवन पर गहरा असर पड़ा।

# आरोपियों की गिरफ्तारी पर अड़े ग्रामीण, लगाया जाम, समझाइश बाद हुआ सुचारू मार्ग

## टोरड़ा देवनारायण मंदिर से लाखों की नकदी सहित आभूषण पार



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** नववर्ष की शुरुआत में ही जिले के बौंली उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत बांस की पुलिया गांव टोरडा स्थित देवनारायण मंदिर को देर रात अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया। चोर मंदिर से सोने के आभूषण और दान पात्र को तोड़कर रुपए चोरी कर ले गए। चोरों की गिरतारी को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने एक घंटे तक बौंली-निवाई सड़क मार्ग पर जाम लगा दिया। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों से समझाइश कर जाम को खुलवाया।

मंदिर पुजारी राम खिलाड़ी गुर्जर, ग्रामीण डूंगरसिंह गुर्जर, सुरेश गुर्जर के अनुसार रोजाना की तरह शाम को पुजारी पूजा कर 7.20 बजे घर चला गया और खाना खाकर रात्रि 8.34 पर मंदिर लौटे। इस बीच भैरुजी मंदिर पर कार्यक्रम के लिए आए लोगों ने मंदिर का मुय दरवाजे का ताला टूटा देखा तो जानकारी दी। सभी ने मंदिर के अंदर जाकर देखा तो माता की प्रतिमा के आभूषण, जैसे सोने की बाली व दान पात्र गायब मिला। दान पात्र कुछ दूरी पर टूटा हुआ था। मंदिर पुजारी के अनुसार दान पात्र में एक लाख से अधिक संभावित राशि बताई गई। वहीं ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर बौंली थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और मौका मुआयना किया। वहीं आक्रोशित ग्रामीणों ने चोरों की गिरतारी को लेकर मंगलवार सुबह करीब साढे 8 बजे बौंली-निवाई सड़क मार्ग पर देवनारायण मंदिर के सामने अवरोधक डालकर जाम लगा दिया। सूचना पर बौली थाना पुलिस सब इंस्पेक्टर जगदीश सिंह, एएसआई रामबाबू गुर्जर, हैड कांस्टेबल रामवीर गुर्जर, हैड कांस्टेबल धर्मेंद्र चौधरी, सरपंच करण वर्मा पहुंचे और स्थानीय ग्रामीणों से समझाइश की। पांच दिन में चोरी के खुलासे के आश्वासन के बाद ग्रामीण जाम खोलने पर तैयार हो गए। इस दौरान सड़क मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। जाम खुलने के बाद वाहनों की आवाजाही सुगम हुई। ग्रामीणों ने चोरी का खुलासा कर अज्ञात चोरों की गिरतारी की मांग की है। स्थानीय ग्रामीणों ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध बौंली थाने में प्राथमिकी सौंपी है।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष को लेकर उल्टी गिनती शुरू

## नए मंडल अध्यक्ष का कभी भी नाम आ सकता है सामने

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल के अध्यक्ष पद को लेकर उल्टी गिनती शुरू होने के बाद कयास लगाए जा रहे हैं कि एक दो दिन में ही भाजपा को नया मंडल अध्यक्ष मिल सकता है। भारतीय जनता पार्टी के संगठन चुनवो को लेकर गतिविधियो अन्तिम दौर में है। इस कड़ी में मालपुरा भाजपा शहर मंडल भी नया आएगा। यह बात अलग है कि भाजपा प्रदेश आलाकमान वर्तमान भाजपा अध्यक्ष त्रिलोकचन्द जैन को ही एक बार फिर यह जिम्मेदारी सौंपता है या फिर कोई नया मंडल सामने आएगा। इससे एक दो दिन में ही पर्दा उठने की पूरी पूरी संभावना है। वैसे यह भी जगजाहिर है कि भाजपा के नए मालपुरा मंडल अध्यक्ष नाम की अधिकृत धोषणा में प्रदेश के जलदाय मंत्री एवं क्षैत्रीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी की अभिशंषा व राय के अनुसार ही मालपुरा शहर मंडल अध्यक्ष का नाम तय होगा। अब तक की चर्चाओं के अनुसार भाजपा प्रदेश आलाकमान यदि किसी वैश्य वर्ग को यह पद देना चाहेगा तो उसमें सबसे पहला नाम वर्तमान मंडल अध्यक्ष त्रिलोकचन्द जैन के नाम की चर्चा जोर शोर से है। और यदि परिवर्तन सामने आएगा तो उसमें मनीष जैन टोरड़ी का नाम सबसे अधिक लिया जा रहा है। यदि ब्राह्मण वर्ग से यह नाम आता है तो उसमें राजपुरा ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच पति रामजीलाल शर्मा, नगरपालिका मालपुरा के पार्षद रहे एवं कांग्रेस से त्यागपत्र देकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले धनरूप शर्मा का नाम लिया जा रहा है। वैसे चर्चा इस रूप में भी सामने आ रही है कि भाजपा संगठन ने मालपुरा की अदालतो के लिए सरकारी वकील का पद वैश्य वर्ग को दे चुका है। ऐसे में यदि भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष अन्य पिछड़ा वर्ग या अन्य किसी अन्य वर्ग का भी हो सकता है। भाजपा के आन्तरिक हिस्सो में भाजपा शहर मंडल के कई नामो की चर्चा कभी कभी सामने आती है। लेकिन माना यही जा रहा है कि यदि ओबीसी वर्ग के नाम पर मुहर लगेगी तो उसमें कृष्णगोपाल गुर्जर के नाम की भी चर्चा सामने आती है। लेकिन यह तय है कि जिस तरह वर्तमान में भाजपा में संगठन चुनावो की चर्चाऐं हो रही है यदि उसको सही माना जाए तो लगभग यह तय माना जा रहा है कि मालपुरा भाजपा के शहर मंडल अध्यक्ष की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है और मालपुरा भाजपा शहर मंडल के लिए नए अध्यक्ष का नाम भी आगामी एक दो दिन में ही आम जन के सामने आ सकता है।

अगला अध्यक्ष कौन होगा और किस वर्ग से होगा यह तो आगामी एक दो दिन में भाजपा प्रदेश संगठन की ओर जारी नियुक्ति सूचियो व पत्रो से खुलासा होगा। लेकिन अन्तिम अभिशंषा व राय जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी की ही होगी यह भी तय है।

# 21 बीघा भूमि पर तीन अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त

## सड़क सीमा में हटाए अतिक्रमण

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर,( का.स. )।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-14 में निजी खातेदारी करीब 12 बीघा कृषि भूमि पर नवीन अवैध कॉलोनी का प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णत: ध्वस्त, जोन-13 में निजी खातेदारी करीब 6 बीघा कृषि भूमि पर नवीन अवैध कॉलोनी का प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णत: ध्वस्त एवं ग्राम लक्ष्मीनारयणपुरा में मंदिर माफी की करीब 3 बीघा भूमि पर नवीन अवैध कॉलोनी का ध्वस्तीकरण कर कब्जा अतिक्रमण मुक्त करवाया। साथ ही जोन पीआरएन-साउथ में डा. राजेन्द्र प्रसाद नगर ए ब्लॉक में 30 फिट रोड सीमा को कब्जा अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

महानिरीक्षक पुलिस श्री कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया जोन पीआरएन-साउथ के क्षेत्राधिकार में अवस्थित डा. राजेन्द्र प्रसाद नगर ए ब्लॉक में 30 फिट रोड सीमा पर कब्जा अतिक्रमण कर अवैध लैटबाथ का निर्माण बाउण्ड्रीवाल, व अन्य अवैध निर्माण अतिक्रमण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर आज उपायुक्त जोन पीआरएन-साउथ के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर हटवाया जाकर 30 फिट रोड सीमा को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

जेडीए द्वारा जोन-14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम जयचंदपुरा तह. चाकसू जिला जयपुर में करीब 12 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर (रिद्धि-सिद्धि-8) के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सडकें, सीमेन्ट के ब्लॉक की बाउण्ड्रीवाल, भूखण्डों का डिमार्केशन व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-14 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। जेडीए द्वारा जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम खेरवाडी लक्की होटल के पीछे जिला जयपुर में करीब 6 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर राधा गोविन्द नगर के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी ग्रेवल सडकें, प्लॉटों की बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। इसी प्रकार जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम लक्ष्मीनारायणपुरा जिला जयपुर में करीब 3 बीधा मंदिर माफी की भूमि पर कब्जा-अतिक्रमण कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी ग्रेवल सडकें, प्लॉटों की बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया जाकर मंदिर माफी की भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उक्त कार्यवाहियां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन प्रथम, द्वितीय, चतुर्थ, प्रवर्तन अधिकारी जोन पीआरएन-साउथ, 14. 13 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

## डिपार्टमेंट स्टोर में लगी आग, आग से लाखों का माल स्वाहा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** रामगंज थाना इलाके में मौलाना साहब की दरगाह के पास मंगलवार-बुधवार की मध्यरात्रि को शॉर्ट सर्किट से डिपार्टमेंटल स्टोर में आग लग गई। आग की जानकारी मिलने पर दमकल मौके पर पहुंची। दो दमकलों की मदद से करीब 1 घंटे की मशक्कत के बाद आग को कंट्रोल किया। इस दौरान दुकान में रखा लाखों रुपए का सामान जल कर राख हो गया। पुलिस के अनुसार मंगलवार-बुधवार की मध्य रात्रि को करीब सवा 1 बजे मौलाना साहब की दरगाह के पास स्थित डिपार्टमेंटल स्टोर से धुआं आने लगा। स्थानीय लोगों ने दुकान मालिक को सूचना दी। देखते ही देखते दुकान से आग बाहर आने लगी जिस पर दमकल को जानकारी दी गई। घाटगेट से दो दमकल मौके पर पहुंची और करीब ढाई बजे तक आग कंट्रोल की गई। इस दौरान दुकान मालिक और स्थानीय लोग भी मौके पर पहुंच गए। आग की चपेट में आने से दुकान में रखा लाखों रुपए का सामान जल कर राख हो गया। दमकलकर्मी ने बताया कि आग की जानकारी मंगलवार-बुधवार की मध्य रात्रि को करीब 1.20 पर कंट्रोल रूम को मिली। जिस पर दमकल लेकर मौके पर पहुंचे देखा दुकान के अंदर से आग निकल रही हैं। जिस पर आसपास के इलाके की लाइट कटवाई गई फिर पानी डालना शुरू किया गया। लेकिन पानी अंदर नहीं जा रहा था जिस पर दुकान के शटर को खोला तो आग की लपटे बाहर की तरफ आ रही थी। दुकान डिपार्टमेंटल स्टोर होने के कारण दुकान में तेल और घी होने की जानकारी मिली जिस पर तत्काल टीम ने फॉम डाल कर आग को कंट्रोल किया। लेकिन जब तक लाखों रुपए का सामान जल कर राख हो गया।

## कार ने बाइक को मारी टक्कर महिला की मौत, पति घायल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** चाकसू थाना इलाके से ससुराल से लौट रहे बाइक सवार दंपती को एक कार ने टक्कर मार दी। हादसे में पत्नी की मौत हो गई, जबकि पति गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जयपुर रेफर किया गया है। यह हादसा मंगलवार रात को चाकसू के टोंक रोड स्थित बड़ली मोड़ पर हुआ। जांच अधिकारी एएसआई दिनेश भट्ट ने बताया कि लक्ष्मण गुर्जर (58) अपनी पत्नी प्रेम देवी (55) के साथ ससुराल सांवलिया से अपने गांव बड़ली लौट रहे थे। इस दौरान जयपुर से टोंक की ओर जा रही तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों की मदद से घायल दंपती को चाकसू उपजिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्रेम देवी को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल लक्ष्मण गुर्जर को इलाज के लिए जयपुर रेफर किया गया है। पुलिस ने बुधवार को पोस्टमॉर्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया है। घटना के बाद कार को छोड़कर आरोपी ड्राइवर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

## थानाधिकारी झंवर 50 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर,( का.स. )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की जोधपुर शहर की चौकी ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना झंवर पुलिस कमिश्नरेट जोधपुर पश्चिम के थानाधिकारी मूलाराम चौधरी को थाने में दर्ज मामले को रफा दफा करने एवं पक्ष में कार्यवाही करने की एवज 50 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ.रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की जोधपुर शहर टीम को शिकायत मिली कि झंवर थाने में दर्ज प्रकरण में मामले को रफा दफा करने एवं परिवादी के पक्ष में कार्यवाही करने की एवज में 50 हजार रुपये रिश्वत की मांग की जा रही है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जोधपुर शहर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चक्रवर्ती सिंह राठौड़ के नेतृत्व में ट्रेप की कार्रवाई करते हुए थानाधिकारी मूलाराम चौधरी को 50 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया है।

## आज आयोजित होगा जिलास्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** जनभावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं एवं समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए 16 जनवरी, 2025 (गुरुवार) को जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान कार्यक्रम आयोजित होगा। जिला कलेक्ट्रेट सभागार में प्रात: 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होने वाले जनसुनवाई कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधि एवं समस्त संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी भाग लेंगे। जिलास्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम में वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से मुख्य सचिव या प्रभारी सचिव भी जुड़ेंगे। जिले के सभी उपखण्ड अधिकारी सहित सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी भी वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से हिस्सा लेंगे।

## पंजीयन और मुद्रांक विभाग के जागरूकता ई-पोस्टर का हुआ विमोचन

## डॉ. जी.एल. शर्मा ने किया 'जानें ई-स्टाम्प सर्टिफिकेट को' पोस्टर का विमोचन

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर,( का.स. )।** कलेक्ट्रेट जयपुर में स्थित मॉडल उप पंजीयक कार्यालय में रजिस्ट्री एवं अन्य प्रयोजनों के लिए ई-स्टाम्प खरीदने वाले नागरिकों में व्यापक जागरूकता लाने के लिए पंजीयन और मुद्रांक विभाग कहता है, अपने ई-स्टाम्प सर्टिफिकेट को जाने नवाचार का शुभारंभ इलेक्ट्रिक क्लिप ऑन बोर्ड पोस्टर के माध्यम से डीआईजी स्टाम्प डॉ गोरधन लाल शर्मा द्वारा किया गया ।

आम जनता के बीच ई-स्टाम्प और इसमें मौजूद सुरक्षा मानकों की जानकारी व्यापक रूप से बनी रहे जिसकी जानकारी इस इलेक्ट्रिक क्लिप बोर्ड के माध्यम से डीआईजी शर्मा द्वारा दी गई। डीआईजी द्वारा संपत्तियों के पंजीकरण के लिए आने वाले आम जनता को ई-स्टाम्पिंग मोबाइल ऐप के माध्यम से ई-स्टाम्प पेपर में मौजूद 2डी बार कोड को स्कैन कर, ई-स्टांप की प्रमाणिकता की जांच करनी चाहिए , साथ ही बदलते डिजिटल युग में आम आदमी द्वारा ई-स्टाम्प खरीदते समय उसमें मौजूद सभी सुरक्षा मानकों की जांच करने का सुझाव दिया।

इस जन जागरूकता अभियान में आम लोगों, पंजीयन स्टाफ एवं अधिवक्ताओं और डीड राइटर्स को संबोधित करते हुए पंजीयन और मुद्रांक विभाग के डीआईजी ने ई-स्टाम्प के विभिन्न सुरक्षा मानकों जैसे माइक्रो प्रिंट, तीन स्थानों पर वॉटरमार्क में स्टाम्प ड्यूटी, टेक्स्ट थ्रेड में भुगतान की गई स्टाम्प ड्यूटी, टेक्स्ट थ्रेड में दिनांक समय, टू डी बार कोड, असममित क्रम में प्रमाणपत्र संख्या और टेक्स्ट रिबन में एसएचसीआईएल के बारे में जानकारी दी।

इस नवाचार के माध्यम से हमारा मुख्य उद्देश्य जयपुर, जयपुर ग्रामीण और इसके आसपास के क्षेत्र के लोगों में ई-स्टाम्प की प्रति व्यापक जागरूकता लाना है। कार्यक्रम में सब रजिस्ट्रार ज्वाला सहाय मीना, अरविंद कविया, मॉडल सब रजिस्ट्रार से सिम्मी, ई-स्टाम्पिंग की ओर से ई-स्टाम्पिंग एरिया मैनेजर पवन रुनवाल ,शाखा प्रबंधक आनंद जैन, मनदेव, स्टाम्प विक्रेता ए.सी.सी. प्रेम प्रकाश गुप्ता, अधिवक्ता बार एसोसिएशन जयपुर के अध्यक्ष गजराज जी, सचिव नरेंद्र एवं अखिलेश मौजूद रहे।

## नीलगायों का शिकार करने वाला निकला करोड़पति, पहले करता था खेतों की रखवाली

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** कालाडेरा इलाके के सबलपुरा में नीलगायों का सिर काटने वाली गैंग का मुख्य सरगना किशन बावरिया करोड़पति निकला।वहीं कभी खेतों में चौकीदारी करता था। किशन बावरिया हिस्ट्रीशीटर और कुख्यात शिकारी बन चुका है। किशन बावरिया ने पूरे राजस्थान में अपनी गैंग बना रखी है। यह गैंग ऑर्डर मिलने पर शिकार करती है। जयपुर, टोंक, बूंदी, कोटा ही नहीं, प्रदेश के कई अन्य जिलों में इनका नेटवर्क है। गैंग के शिकारी बड़े डीलरों के जरिए होटलों और शादियों में मांस सप्लाई करते हैं। हर जानवर का की कीमत तय है। नीलगाय का मांस 70-100 रुपए किलो, खरगोश 500, तीतर 250 रुपए और सांभर 300 रुपए प्रति किलो के हिसाब से बेचा जाता है। सबलपुरा में 5 नीलगाय के शिकार में नाम सामने आने के बाद पुलिस किशन बावरिया की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

9 जनवरी को सबलपुरा गांव में नीलगाय शिकार मामले में कालाडेरा पुलिस ने अबतक गैंग के 2 शिकारियों को दबोचा है। दोनों ने कई राज पुलिस के सामने उगले हैं। थानाधिकारी कमल सिंह ने बताया कि एक आरोपी शैतान सरगना किशन का चचेरा भाई है। पुलिस आरोपी शैतान से किशन के बारे में जानकारी जुटाने में लगी हुई है।चौमूं के सबलपुरा गांव में 5 नीलगायों का शिकार हुआ था, जिसमें किशन बावरिया गैंग का नाम सामने आया था। पुलिस के अनुसार, सरगना किशन बावरिया टोंक का रहने वाला है। किशन और उसका परिवार पहले चंदलाई के पास टापरी (झोपड़ी) बनाकर रहता था। आसपास के खेतों की रखवाली करते थे। किशन के पास टोपीदार बंदूक से नीलगायों को डराकर खेतों से दूर भगाने की जिम्मेदारी थी। इसी काम को करते-करते किशन शार्प शूटर बन गया।

नीलगायों का शिकार कर उनका मांस बेचना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे किशन ने इसे प्रोफेशन बना लिया। इसके बाद किशन ने अपनी गैंग बनाई। टोंक, उनियारा, टोडारायसिंह में नीलगाय का शिकार करने लगे। तब नीलगाय का शिकार करने पर भी किशन का स्थानीय लोगों ने विरोध नहीं किया, क्योंकि खेतों में नुकसान पहुंचाने के चलते किसान भी नीलगायों से परेशान थे। ऐसे में किशन के हौंसले बुलंद होते रहे। किशन अनपढ़ है। गैंग को बड़ी चालाकी से ऑपरेट करता है। गैंग में परमानेंट लोग कभी नहीं रखता। हर बार सदस्यों को बदलता रहता है। टोंक में ही कई बार शिकार के बाद भी उसका नाम डायरेक्ट कभी सामने नहीं आया। शिकार और मांस की तस्करी कर आरोपी ने करोड़ों की संपत्ति खड़ी कर ली। टोंक में जिन खेतों की वो कभी पहरेदारी करता था, आज वहां 45 बीघा जमीन का मालिक है।

आरोपी सवाई माधोपुर से सांभर, हिरण के लिए बूंदी, कोटा और झालावाड़ के अलावा इटावा में शिकार करता है। चीतल के लिए झालावाड़, बकानी और बूंदी में जाल बिछाता है। दूसरे जिलों में शिकार के लिए किशन, अपनी गैंग से जुड़े अन्य शिकारियों को कॉन्ट्रैक्ट देता है। टोंक और जयपुर जिले में खुद शिकार करता है। वहां शिकार नहीं मिलता तो लोकल शिकारियों से कमीशन पर शिकार करवाता है।

### 3 साल तक की सजा और जुर्माने का प्रावधान

नीलगाय शेड्यूल-2 में संरक्षित जीव है। वन्यजीव कानून में जो हाल में संशोधन हुआ है, उसके अनुसार शेड्यूल वन और शेड्यूल टू के जानवरों का शिकार करने पर 3 साल तक की सजा और जुर्माने का प्रावधान है।

## आठवीं नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप उप कारापाल की ट्रेनिंग ले रहे हर्ष चौधरी ने जीता कांस्य पदक

### डीजी जेल गुप्ता ने की हौसला अफजाई



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** उत्तर प्रदेश के बरेली में आयोजित आठवीं नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में कारागार विभाग में उप कारापाल के पद पर प्रशिक्षु हर्ष चौधरी ने कांस्य पदक हासिल किया है। महानिदेशक कारागार गोविंद गुप्ता ने बताया कि कि बरेली में यह प्रतियोगिता 6 जनवरी से 13 जनवरी तक आयोजित की गई थी। जिसमें 85 से 90 किलो भार वर्ग में श्री चौधरी ने राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया। प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर इन्होंने न केवल कारागार विभाग अपितु पूरे प्रदेश का नाम भी रोशन किया है। राजस्थान लौटने पर डीजी जेल गुप्ता ने बॉक्सर चौधरी के पदक प्राप्त करने की सराहना करते हुए आगे और अधिक उत्साह से बढ़ चढ़कर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। गुप्ता ने हर्ष चौधरी के साथ उनके प्रशिक्षक, खेल अधिकारी और टीम प्रबन्धकों को भी इस उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए बधाई दीं।

## मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों में बड़ी संख्या में आमजन हो रहे लाभान्वित

### 57 वर्षीय प्रभुदयाल को मिला हाइपरटेंशन का उपचार

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर,( का.स. )।** जिले में आयुष्मान आरोग्य शिविरों में आमजन को बड़ी संख्या में लाभ मिल रहा है। हाल ही में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भटेरी (तुंगा ब्लॉक) में आयोजित हुए शिविर में स्थानीय निवासी श्री प्रभुदयाल बैरवा को हाइपरटेंशन की बीमारी का उपचार मिला है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ. हंसराज भदालिया ने बताया कि 57 वर्षीय प्रभुदयाल बैरवा पुत्र नाथूराम बैरवा को गत एक माह से सिरदर्द और घबराहट की समस्या थी। दर्द की दवाईयों से भी आराम नहीं था। जब उन्हें पीएचसी पर आयोजित होने वाले आयुष्मान आरोग्य शिविर के विषय मे जानकारी मिली तो वे उपचार के लिए कैम्प में आए। कैम्प में चिकित्सकों ने परीक्षण के दौरान पाया कि उनका ब्लड प्रेशर काफी अधिक आ रहा था। प्रभुदयाल से पूछने पर उन्होंने बताया कि उन्होंने ब्लड प्रेशर सम्बन्धी कोई दवा अभी तक नहीं ली है। चिकित्सकों ने परीक्षणों के आधार पर निष्कर्ष लिया कि प्रभुदयाल की समस्त समस्याओं की जड़ में निरंतर बढ़ा हुआ ब्लड प्रेशर ही है। चिकित्सकों ने उन्हें हाइपरटेंशन की दवाईयां प्रेस्क्राइब की और नियमित रूप से दवाओं के सेवन की सलाह दी। कैम्प में परामर्श के बाद प्रभुदयाल के चेहरे पर सन्तुष्टि के भाव आसानी से देखे जा सकते थे। उनका कहना था कि असली मर्ज अब पकड़ में आया है। कैम्प में आने से उनकी तमाम शंकाओं का समाधान हो गया है। अब वे चिकित्सकों के परामर्श अनुसार नियमित रूप से दवाओं का सेवन करेंगे।



# केकड़ी जिला बहाल करने की मांग को लेकर वकीलों ने किया अनिश्चितकाल तक धरना प्रदर्शन जारी रखने का फैसला

## लंबी लड़ाई के अनुमान से वकीलों ने खरीदे खुद के टैंट-तंबू, हाईकोर्ट में दायर करेंगे रिट याचिका

बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** केकडी जिले का दर्जा व सम्मान बचाने के लिए वकील समुदाय ने आर-पार की लडाई लड़ने की घोषणा की है। यहां तक कि सरकार के फैंसले के विरोध लड़ाई लंबी चलने के अनुमान के चलते में धरना प्रदर्शन लगातार जारी रखने के लिए वकीलों ने अपने खुद के टेंट-तम्बू खरीद लिए है। वकीलों ने कहा कि केकड़ी को जिले का दर्जा फिर से नहीं मिलने तक धरना जारी रहेगा। साथ ही इस मामले में उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर करने का भी निर्णय लिया गया। केकडी को फिर से जिले का दर्जा देने की मांग को लेकर वकील समुदाय ने अब लंबी लडाई लड़ने की तैयारी में जुट गया है। जब तक केकडी को फिर से जिले का दर्जा नहीं मिलता तब तक वकीलों द्वारा धरना प्रदर्शन जारी रखने का संकल्प लिया गया है। अधिवक्ताओ ने इसके लिए बार एसोसिएशन के बैनर तले एक बैठक आयोजित कर आगामी रणनीति व तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की। बताया गया कि वकीलों ने अनिश्चितकालीन धरने के लिए खुद के टेंट-तम्बू ही खरीद लिए हैं, ताकि धरना एक महीने चले या पांच साल, वकील समुदाय सरकार के जनविरोधी फैसले को वापस लेने तक अपना प्रदर्शन जारी रख सके।बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. मनोज आहूजा ने बताया कि जिले का दर्जा समाप्त होने से प्रशासनिक कामों में देरी हो रही है और जनता को आर्थिक व समय की हानि उठानी पड़ रही है। वकीलों ने इस मुद्दे पर उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर करने और कानूनी लड़ाई लड़ने के लिए 11 सदस्यीय समिति का गठन किया है। वरिष्ठ अधिवक्ता चेतन धाभाई ने सरकार के इस कदम को विवेकहीन बताते हुए कहा कि यह निर्णय क्षेत्र के विकास को अवरुद्ध कर रहा है। वकीलों ने जनता से आंदोलन को समर्थन देने की अपील की है। बार एसोसिएशन के बैनर तले आयोजित बैठक में आंदोलन को लंबा चलाने की रणनीति बनाई गई। वकील समुदाय ने संकल्प लिया है कि केकड़ी को फिर से जिले का दर्जा मिलने तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। इस मौके पर बार अध्यक्ष डॉ.मनोज आहूजा, वरिष्ठ अधिवक्ता चेतन धाभाई, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, गजराज सिंह, शिवप्रताप सिंह, रामावतार मीणा, सलीम गौरी, भूपेन्द्र सिंह, दशरथ सिंह कान्दलोत, उपाध्यक्ष शिवप्रसाद पाराशर, महासचिव मुकेश शर्मा, हनुमान प्रसाद शर्मा, अनुराग पाण्डे, नीतिन जैन, परवेज नकवी, नीतिन जोशी, हेमेन्द्र सिंह, सुनील जैन, शिवप्रकाश चौधरी, रोडूमल सोलंकी, डीएल वर्मा, रवि पंवार, रमाकान्त दाधीच, हरिराम चौधरी, सुरेन्द्र सिह धन्नावत, अनिल, सचिन, दिनेश आदि मौजूद थे।



# मीटिंग मे उठायी जिलें की समस्याएं

बढ़ता राजस्थान

**सीकर, ( एम.सादिक )।** रेलवे द्वारा गठित डी आर यू सीसी की प्रथम बैठक मे भाग लेते हुवे सीकर सांसद अमराराम के प्रतिनिधि किशन पारीक ने क्षेत्र से जुडी समस्याये व रेल विकाश के लिए विभिन्न मांग डीआरएम के सामने उठाई। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय जयपुर मे आयोजित बैठक मे पारीक ने नई ट्रेनों के संचालन की माँग को पुरजोर तरीके से रखते हुवे सीकर ज़िलें के विभिन्न स्टेशन पर यात्रियों के लिए होने वाली सुविधाओं के लिए रेल के आला अधिकारियो को अवगत करा जल्द से जल्द सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात कही।पारीक ने रींगस-खाटूश्याम जी रेल लाइन की जानकारी लेते हुवे इसे जल्द से जल्द पूर्ण करने की माँग करि जिससे यहां आने वाले लाखो दर्शनार्थियों को लाभ मिल सके।इस पर रेलवे के अधिकारियो ने कमेठी को विश्वास दिलाया की रींगस-खाटू मार्ग बिना किसी परिवर्तन के पुराने प्रस्ताव के आधार पर ही होगा व जल्द इसका कार्य शुरू होगा।सीकर जंक्शन पर स्वचलित सीढ़िया, लिफ्ट, लक्ष्मणगढ़ पर आरक्षण खिड़की ,सहित अनेक माँग रखी। रेलवे द्वारा गठित ये कमेठी जनप्रतिनिधियो द्वारा आम जन से जुडी मांगो को उच्च अधिकारियो के बिच रखती है व समस्याओ से अवगत कराती नही । इस दौरान रेल के आला अधिकारियो ने सभी सुझावों व माँग को सकारात्मक रूप मे लेते हुवे जल्द से जल्द पूर्ण करने की बात कही।

# 19 स्थानों से गुमशुदा 75 मोबाइल फोन 15 लाख की कीमत के पुलिसअधीक्षक ने वापस मोबाइल मालिकों को लौटाए

## ऑपरेशन शील्ड के तहत हुई कार्यवाही



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन शील्ड के तहत बूँदी पुलिस ने गुमशुदा मोबाइल और चोरी के मामले में खुलासा करते हुए बुधवार को लगभग 75 मोबाइल फोन 15 लाख की कीमत के वापस मोबाइल मालिकों को लौटाए है। पुलिस अधीक्षक राजेंद्र मीणा ने प्रेस वार्ता आयोजित करते हुए कहा कि गुमशुदा और चोरी हुए मोबाइलों की संख्या लगभग 75 है जिनकी कीमत लगभग 15 लाख रुपए आकी गई है ,आज सभी मोबाइल मालिकों को डिटेल के साथ बरामद किए गए मोबाइलों को लौटाया गया है। जिससे उनके चेहरों पर खुशी है। बूंदी पुलिस अधीक्षक राजेंद्र मीणा ने बताया कि सभी बूंदी जिले के 19 स्थान में गुमशुदा और चोरी के मोबाइलों को आज जिले भर से आए लोगों को लौटाया गया है। लगभग बूंदी जिले में यह तीसरी बार गुमशुदा और चोरी हुए मोबाइलों को बरामद करके मोबाइल मालिकों को लौटाने की करवाई है ,मोबाइल मालिकों का कहना था कि हमारे मोबाइल खो गए थे चोरी हो गए थे । आजकल मोबाइल हमारे जीवन में अहम हिस्सा बन गया है ,गुम ओर चोरी होने के बाद हमें काफी समस्याएं हो रही थी , आज पुलिस ने हमें लौटाया तो हमें राहत की सांस मिली है। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा, बूंदी वृत्तअधिकारी अरुण मिश्रा साइबर सेल की टीम हेड मुकेंद्र मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में निशुल्क स्वास्थ्य जांच के साथ सड़क दुर्घटना के लिए मिलेगी ट्रेनिंग

बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान गुरुवार को रोड़वेज बस स्टैण्ड केकड़ी पर रोडवेज चालकों एवं अन्य आमजन के नेत्रों की जांच के लिए सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जायेगा। परिवहन अधिकारी दया शंकर गुप्ता ने बताया कि शिविर में होम्योपैथी विभाग द्वारा सभी आमजन के स्वास्थ्य की निशुल्क जांच करते हुए चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जाएगी। साथ ही डॉ अंशुल चौधरी व विभाग के विशेषज्ञों द्वारा सड़क दुर्घटना में घायलों को सीपीआर देने की ट्रेनिंग भी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि विभिन्न प्रशिक्षण संस्थाओं में माह के दौरान यातायात नियमों की जानकारी देने हेतु परिवहन एवं पुलिस विभाग द्वारा विशेष कैम्पों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को पीजी कॉलेज केकड़ी में यातायात नियमों की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि प्रवर्तन दस्ता द्वारा माह के दौरान 90 वाहनों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए 3.21 लाख रूपये की जुर्माना राशि वसूल कि जा चुकी है।

# चारभुजा झालर बावड़ी में वाटर कूलर लगाया

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा ( नि.स. )।** बुधवार सुबह पिता श्री सोहन लाल लोट के छोटे पुत्र कुलदीप लोट की पुण्यतिथि पर वाटर कुलर सहप्रेम कुलदीप की पत्नी रेखा लोट द्वारा भेंट किया गया। समाज की वरिष्ठ व्यक्तियों द्वारा वाटर कुलर का पूजन कर शुरू किया गया। समाज के सभी वरिष्ठ व्यक्ति पूर्व सरपंच श्री कुशाल जी बारेशा जी के घर के सामने मेन रोड़ चारभुजा बड़ी पुलिया पर पहुंचे । संदीप लोट,गजानंद तंवर,भेरू लाल बारेशा,छीतर लाल डाबोडीया,प्रकाश आदिवाल,पारीक बुरट,जगदीश बंधु,लालचंद चैड़वाल,जगदीश चनाल,जगदीश भैरवा,मनोहर लाल कोली, धर्मराज बारेशा,शम्भु राढ़ोदिया,विजय बारेशा,जगदीश बारेशा, चेतन बारेशा,ओम प्रकाश कल्याणी,उदयवीर सिंह, मयंक पाठक ,धीरज,राजेश लोट,जगदीश लोट,मुकेश लोट, महेश कल्याणी , दिनेश कल्याणी,विष्णु गेयर,निलेश घुसर,पारस दुलिया,गोलू चांवरिया,शैलेन्द्र गेयर,सुनील लोट,दिलीप शर्मा, दीपक आंजना, बाबूलाल जी नकवाल,मनोज चनाल,पूनम जी दुलिया,रूपचंद बारेशा,रवि गौड,जीतू बारेशा एवं परिवार की महिलाओं सहित अन्य सभी सदस्य मौजूद रहे।

# भामाशाहों द्वारा राजकीय विद्यालयों के नन्हे विद्यार्थियों में मोजे एवं स्टेशनरी सामग्री का वितरण

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** शीतलहर से बचाव हेतु भामाशाहों द्वारा 89 नन्हे विद्यार्थियो में मोजे तथा आवश्यक स्टेशनरी सामग्री का वितरण किया गया। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बुद्धाखेड़ा में अध्ययनरत 89 नन्हे विद्यार्थियों में भामाशाह रिया गर्ग,प्राची डीडवानिया व सुनीता शर्मा के संयोजन में शीतलहर के रहते मोजो के साथ आवश्यक स्टेशनरी सामग्री का वितरण किया गया।


# महाराणा प्रताप विधि महाविद्यालय में आयोजित हुआ गेम्स फेस्टिवल 2025



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़, ( नि.स. )।** शहर के धनेत रोड स्थित महाराणा प्रताप बहुउद्देशीय लॉ कॉलेज का तीन दिवसीय एमपीएलसी गेम्स फेस्टिवल 12 से 14 जनवरी तक आयोजित किया गया। इस दौरान विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. एस. डी. व्यास के अनुसार कॉलेज में 12 जनवरी से 14 जनवरी तक विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओ का आयोजन हुआ। खेल प्रभारी डॉ. सुखदेव रेबारी ने बताया की 12 जनवरी को क्रिकेट, गोलाफेंक, डिस्कस थ्रो, 100 व 200 मी रेस, केरम, शतरंज आदि, 13 फरवरी को लम्बी कूद, थ्री लेग रेस, वालीबाल, बेडमिन्टन, रंगोली एवं 14 फरवरी को समापन समारोह के साथ सितोलिया आदि प्रतियोगिताए आयोजित हुई। तीन दिवसीय गेम्स फेस्टिवल में आयोजित प्रतियोगिताओ में क्रमश: क्रिकेट का फाइनल मैच टीम हीरालाल व टीम श्रवन सिंह के मध्य हुआ जिसमे टीम हीरालाल विजेता रही तथा इस मैच में मैन ऑफ़ दी मैच कमलेश डांगी रहें। गोला फेंक पुरुष वर्ग में प्रथम चावंड सिंह द्वितीय निशांत पुरी रहें। गोला फेंक महिला वर्ग में प्रथम पूजा चौधरी, द्वितीय टीनू चुण्डावत रही। डिस्कस थ्रो में पुरुष वर्ग में प्रथम रोहित रेगर, द्वितीय गोपाल साहू रहें। डिस्कस थ्रो महिला वर्ग में प्रथम पूजा चौधरी द्वितीय कन्या सालवी रही। 100 मी रेस पुरुष वर्ग में प्रथम श्रवण सिंह द्वितीय हीरा लाल रहें। 100 मी रेस महिला वर्ग में प्रथम पूजा चौधरी द्वितीय टीनू चुण्डावत रही। 200 मी रेस पुरुष वर्ग में प्रथम रोहित रेगर, द्वितीय श्रवण सिंह रहें। केरम पुरुष वर्ग में विजेता पीयूष सेन, महिला वर्ग की विजेता पूजा साहू व शतरंज के शिवराज सिंह रहें। लम्बी कूद पुरुष वर्ग में प्रथम श्रवण सिंह, द्वितीय हीरा लाल रहें। लम्बी कूद महिला वर्ग में प्रथम पूजा चौधरी, द्वितीय सोनम सुथार रही। थ्री लेग रेस पुरुष वर्ग में प्रथम अजय गौरव, द्वितीय रोहित श्रवण रहें। थ्री लेग रेस महिला वर्ग में प्रथम गीता उमा व सोनम खुशी, द्वितीय कन्या पूजा रही। बेड मिन्टन का फाइनल मैच पुरुष वर्ग में रोहित रेगर और कन्हैया लाल के मध्य हुआ जिसमे कन्हैया लाल विजयी रहें। महिला वर्ग में फाइनल मैच सोनम सुथार और पूजा चौधरी के मध्य हुआ जिसमे सोनम सुथार विजयी रही। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान उमा जीनगर ने प्राप्त किया एवं द्वितीय स्थान कन्या सालवी ने प्राप्त किया। गेम्स फेस्टिवल में निर्णायक की भूमिकाएं डॉ. पूजा राजोरा, निशांत पुरोहित, टीनू चुण्डावत, दीपक पारीक, सुमित उपाध्याय, मुकेश कुमार टेलर ने निभाई। समापन के अवसर पर महाविद्यालय प्रबंध निदेशक डॉ. जे.एल. पुरोहित ने सभी व्याख्याताओ एवं प्रतिभागियों को सफल आयोजन की बधाई दी।

# संगीता चीपड़ श्री जैन दिवाकर महिला परिशद् की अध्यक्ष निर्वाचित



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़, ( नि.स. )।** जैन दिवाकर महिला परिषद की वार्षिक सभा में अध्यक्ष पद के लिए आज वरिष्ठ श्राविका संगीता चीप्पड़ को आगामी 2 वर्षों के लिए श्री जैन दिवाकर महिला परिषद का अध्यक्ष चुना गया। उनके नाम का प्रस्ताव अखिल भारतीय दिवाकर जैन दिवाकर संगठन समिति की उपाध्यक्ष आशा चिप्पड़ ने रखा जिसमें विचार विमर्श के बाद संगीता चिप्पड़ को अध्यक्ष तथा स्मिता तरावत को मंत्री चुना गया। संगीता चिप्पड़ पहले भी 8 वर्ष इस संस्थान की मंत्री रह चुकी है। इस अवसर पर निवर्तमान अध्यक्ष अंगूर बाला भडक्तिया मंत्री नगीना महता, कोषाध्यक्ष सीमा सिपानी को सम्मान पूर्वक विदाई दी गई। इस अवसर पर गुरु दिवाकर पर प्रकाशित वार्षिक कैलेंडर का विमोचन भी किया गया। नवनियुक्त अध्यक्षा संगीता चिप्पड़ ने इस मौके पर कहा कि संघ ने मेरे पर जो विश्वास जताया है मैं सबकी आभारी हूं। अध्यक्षा संगीता चिप्पड़ ने कहा कि हम सभी जैन दिवाकर गुरुदेव चौथमल जी महाराज के आदर्श संदेशों को आत्मसात करते हुए जन जन के अंदर पहुंचने का प्रयास हम सब मिलकर करेंगे। मैं विश्वास दिलाती हूं कि संघ और समाज के कार्यों में जो भी योजना बनेगी उसमें महिला परिषद कंधे से कंधा मिलाकर पूरा साथ देगी। नवनियुक्त अध्यक्षा को पूरे देश से बधाई संदेश शुभकामना मंगल आशीर्वाद प्राप्त हो रहे है।

# बूंदी जिला क्षत्रिय शिक्षा प्रचारिणी समिति का चुनाव कार्यक्रम घोषित

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** जिला श्रत्रिय शिक्षा प्रचारिणी समिति के चुनाव वर्ष 2025 दिनांक 19 जनवरी 2025 को होने हैं इसी संदर्भ में मुख्य चुनाव अधिकारी एडवोकेट आनंद सिंह नरूका की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई जिसमें निर्वाचन समिति के सदस्य के रूप में एडवोकेट विजय बहादुर सिंह हाडा चौतरा का खेड़ा ,एडवोकेट रघुराज सिंह हाडा अंथड़ा, एडवोकेट गुरुदत्त सिंह राठौड़ उलेड़ा , को मनोनीत किया गया। सहायक निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट नारायण सिंह गौड़ ने बताया कि निर्वाचन स्थल अमर कंवर राजपूत बालिका छात्रावास नैनवां रोड़ बूंदी रहेगा कुल 16 पदों पर निर्वाचन होना है निर्वाचन क्रार्यक्रम के अनुसार 9 जनवरी को मतदाता सूची का प्रकाशन होने के बाद 18 जनवरी शनिवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक नामांकन पत्र भरने का समय रहेगा दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच होगी 2 से 5 बजे तक नामांकन वापसी का समय रहेगा शामं 5.30 पर प्रत्याक्षियों की अंतिम सूची का प्रकाशन होगा और मतदान यदि आवश्यक हुआ तो 19 जनवरी 2025 रविवार को प्रात: 11.00 से 3 बजे तक मतदान का समय रहेगा मतदान एवं मतगणना के पश्चात परिणाम की घोषणा होगी।

# डोडाचुरा के मामले मे 09 साल से फरार वांछित आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़, ( नि.स. )।** कोतवाली निंबाहेड़ा थाना पुलिस ने अवैध अफीम डोडाचूरा तस्करी के मामले में विगत 9 वर्ष से फरार वांछित आरोपी मुबारिक को गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की है । मादक पदार्थो के प्रकरणो मे वांछित अपराधियो, स्थाई वारण्टीयो, उदघोषित एवं ईनामी अपराधियो की अधिक से अधिक धरपकड हेतु व गिरफ्तार करने के निर्देश प्रदान किये। जिस पर रामसुमेर थानाधिकारी कोतवाली निम्बाहेडा द्वारा एएसआई सूरज कुमार तथा राजकुमार हैड कानि साईबर सैल चित्तौडगढ मय जाप्ते की एक टीम गठित की गई। उक्त टीम द्वारा आसूचना संकलन की गई एवम् मौतबिरान से लगातार सम्पर्क किया गया। एएसआई सूरज कुमार को 14 जनवरी को जरिये मुखबीर सूचना मिली की अफीम डोडाचुरा के 2016 के मामले मे वांछित अभियूक्त मुबारिक बस स्टेण्ड निम्बाहेडा पर आसमानी रंग का पायजमा व टी शर्ट पहने हुये खडा है जो बस का इंतजार कर रहा है। सुचना विश्वसनीय होने से एएसआई सूरज कुमार मय टीम के अविलम्ब रवाना हो बस स्टेण्ड निम्बाहेडा पहुचे जहा पर मुखबिर के बताये हुलिये वाला व्यक्ति बस के इंतजार मे बैठा नजर आया जो जाप्ता पुलिस को बावर्दी देखकर छुपने का प्रयास करने लगा जिसको पुलिस टीम ने घेरा देकर पकडा व नाम पता पुछा तो उसने अपना नाम मुबारिक पिता जलालुदीन जाति मंसुरी उम्र 35 साल निवासी कब्रिस्तान के पास बघाना थाना बघाना जिला नीमच मध्यप्रदेश बताया जो कि थाना हाजा के प्रकरण मे स्थाई वारण्टी हो वांछित होने से अभियुक्त मुबारिक को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी में राजकुमार हैड कानि साईबर सैल चित्तौडगढ व मनीष कानि थाना बघाना जिला नीमच मध्यप्रदेश का योगदान रहा। अभियुक्त अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिये बार बार अपनी लोकेशन व अपना आईपी एड्रेस बदलता रहा था।




# आंखों का दान कर शोकाकुल परिवार ने मनाया दान : पर्व संक्रांति

बढ़ता राजस्थान





**झालावाड़( नि.स. )।** एक तरफ जहाँ पूरा शहर,दान के सबसे बड़े पर्व मकर संक्रांति पर जरूरतमंद लोगों को,गरीबों को,पशुओं को अपनी क्षमता अनुसार दान कर मकर संक्रांति का पर्व मना रहा था,उसी समय शहर के दो परिवारों में आकस्मिक निधन होने से शोक का वातावरण बन गया। इसके उपरांत भी परिवार ने उनकी आंखों का दान कर दूसरे की आंखों में रोशनी देकर, मकर संक्रांति का पावन पर्व मनाया । संक्रांति पर्व पर सुबह दादाबाड़ी निवासी मदन लाल दलाल की धर्मपत्नी कमला देवी गुप्ता का आकस्मिक निधन हुआ, मदन जी का परिवार पहले से ही नेत्रदान के कार्यों में सक्रिय है,उनके बेटे महावीर और डॉ गिरीश गुप्ता ने तुरंत शाइन इंडिया फाउंडेशन के सहयोगी कमलेश दलाल को संपर्क कर कमला जी के नेत्रदान करवाने को कहा,इसके उपरांत डॉ कुलवंत गौड़ ने घर जाकर नेत्रदान की प्रक्रिया को संपन्न किया । इसी क्रम में मंगलवार शाम को ही विज्ञान नगर निवासी कैलाश चंद जैन का आकस्मिक निधन हुआ जिसके उपरांत संस्था के ज्योति मित्र नवीन जैन ने तुरंत डॉ कुलवंत गौड़ को सूचना दी, बेटे संजय, शरद, बेटी प्रीति, सुनीता की सहमति से डॉ गौड़ ने निवास पर ही नेत्र संकलित किये।

# युवा मित्र मंडल तुर्कियाकलां ने विद्यार्थियों में ऊनी स्वेटर वितरित किये



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** सूर्य उपासना के पावन पर्व मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर राजकीय विद्यालय तुर्कियाकलां में अध्ययनरत विद्यार्थियों में ऊनी स्वेटर वितरित किये गये। युवा मित्र मंडल के सदस्य प्रहलाद जाट ने बताया कि सूर्य उपासना के पर्व मकर संक्रांति के अवसर पर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय तुर्कियाकलां में अध्यनरत जरूरतमंद विद्यार्थियो में युवा मित्र मंडल द्वारा मंगलवार को शीतलहर के मद्देनजर ऊनी स्वेटर का वितरण किया गया।

उल्लेखनीय हैं कि मकर संक्रांति पर्व पर सर्दी से बचाव हेतु ऊनी स्वेटर मिलने पर राजकीय विद्यालय के नन्हे विद्यार्थियो के चेहरे खिल उठे।इस मौके पर युवा मित्र मंडल तुर्कियाकलां के सदस्य लोकेश दायमा,दीपक खटिक, बबलू सेन सहित स्थानीय विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# उपशाखा राजस्थान पटवार संघ गंगधार का लगातार तीसरे दिन भी कार्य का बहिष्कार, धरना प्रदर्शन जारी

बढ़ता राजस्थान



**चौमहला( आबिद हुसैन )।** राजस्थान पटवार संघ के आह्वान पर लगातार राजस्थान पटवार संघ उपशाखा गंगधार अध्यक्ष राहुल मोरी के नेतृत्व में 9 सूत्रीय माँगो के संबंध में संपूर्ण कार्य-बहिष्कार के साथ उपखंड मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन तीन दिन से लगातार जारी है।धरने में ज़िला वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवनसिह शेखावत , पटवारी कृष्णकुमार योगी , शोभाराम रेबारी , शांता कुंवर , आकाश राजपुरोहित , मनोज कुमार यादव , महेंद्र सिंह हाड़ा,अलोकसिंह, मुकेश सेवदा, विनोद कुमार जांगीड, तेजवीर जी , सचिन कुमार फ़ौजदार, लोकेश मेहरा, रोशनी यादव , किरण पोरवाल ,निकिता , नीतू धाकड, आदि पटवारी साथी उपस्थित रहे।

# कृषि के क्षेत्र में एनपीसीसी ऐप बनेगा मददगार घर बैठे मिलेगी फसल रोग एवं उपचार की जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा किसानों के लिए उपयोगी ऐप तैयार किया गया है जिसमें फसल का फोटो और वीडियो अपलोड करते ही कुछ ही देर में किसानों को पता चल जायेगा कि उसकी फसल में कौन सा रोग लगा है तथा इसके उपचार के बारे में जानकारी प्राप्त हो जायेगी। प्रगतिशील किसानों एवं पेस्टीसाइड डीलर्स को एनपीएसएस ऐप एवं कीटनाशकों का विवेकपूर्ण उपयोग पर प्रशिक्षण टिड्डी सह एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र , जयपुर के संयुक्त निदेशक डॉ. वसुधा गौतम द्वारा गठित टीम ने 15 जनवरी, बुधवार को सहायक निदेशक कृषि (वि.) ब्यावर के सभागार में जिले में प्रगतिशील किसानों एवं पेस्टीसाइड डीलर्स को आधुनिक तकनीक से सशक्त बनाने के लिए एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में अनिल कुमार सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी ने किसानों तथा पेस्टीसाइड डीलर्स को नेशनल पेस्ट सर्विलांस सिस्टम (एनपीएसएस) ऐप के उपयोग, कार्यप्रणाली और लाभों से परिचित कराया बाद में किसानों को कीटनाशकों के सुरक्षित और विवेकपूर्ण उपयोग के महत्व पर प्रकाश डाला गया। सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी श्योराम ने बताया कि कीटनाशकों का अत्यधिक या अनुचित उपयोग फसलों, भूमि, जल स्त्रोतों और स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। उन्होंने कीटनाशकों का उपयोग करते समय व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों का उपयोग, सही समय पर छिड़काव, और उचित मात्राओं में ही उपयोग करने की सलाह दी। संयुक्त निदेशक कृषि (वि.) जिला परिषद ब्यावर रेखा तीरगर ने बताया उक्त एनपीसीसी ऐपका उपयोग करने की सलाह के साथ अपने अपने क्षेत्र में बोई गई फसलों में



लगी कीट एवं व्याधि की फोटो व वीडियो ऐप पर अपलोड करे तथा क्षेत्र के अन्य किसानों तक एनपीसीसी ऐप की अधिक से अधिक पहुंच हो के लिए प्रचार-प्रसार करने की सलाह दी। प्रशिक्षण में सहायक निदेशक कृषि वि. ब्यावर संतोष कुमार तंवर, कृषि अधिकारी (पौ.सं.) मीनाक्षी जैन नोडल अधिकारी, कृषि अधिकारी (सामान्य) अनिल कुमार एवं कृषि अधिकारी (फसेल) डॉ. हर्षा आदि अधिकारियो ने भाग लिया।



# जिला कलेक्टर के निर्देश पर जवाजा में निशुल्क दिव्यांग अंग/ उपकरण चिन्हीकरण एवं यूडीआईडी शिविर का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत द्वारा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग को निशुल्क अंग उपकरण उपलब्ध कराए जाने हेतु शिविर का आयोजन करने के लिए निर्देशित किया गया था। इसी के तहत दिव्यांगजनों को संबल प्रदान करने की दृष्टि से 20 हजार तक के अंग उपकरण उपलब्ध कराए जाने हेतु बुधवार,15 जनवरी को पंचायत समिति जवाजा के अम्बेडकर भवन में दिव्यांग अंग/ उपकरण चिन्हीकरण एवं यूडीआईडी शिविर का आयोजन किया गया। सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग के परिवीक्षा अधिकारी विशाल सोलंकी ने बताया कि इस शिविर में दिव्यांगजनों को 31 ऑनलाइन दिव्यांग प्रमाण पत्र व 38 रोडवेज पास जारी किए गये। साथ ही 13 ट्राई साइकिल, 8 व्हीलचेयर, 13 हियरिंग ऐड, 15 स्टीक 05 कृत्रिम हाथ, 06 जयपुर फुट, 06 वैशाखी, 02 शूज, 30 केलीपर व 02 ब्लाइण्ड स्टीक उपलब्ध करवाने के लिए दिव्यांगजनों का चिन्हीकरण किया गया। जिला परिषद अजमेर के मनरेगा लोकपाल सुरेश सिंधी द्वारा शिविर का अवलोकन किया गया। इस दौरान शिविर में विकास अधिकारी पंचायत समिति जवाजा बलराम मीणा, महावीर विकलांग सहायता समिति अजमेर संभाग कॉर्डिनेटर सुरेश जी मेहरा, बाल विकास परियोजना अधिकारी श्रीमती हंशा जोशी, अमन दीन दुखी दिव्यांग संस्था की तरफ से मो. सलीम एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# रोडवेज परिचालक ने ईमानदारी का दिया परिचय, रुपयों से भरा पर्स असल मालिक को लौटाया

बढ़ता राजस्थान



**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** आज के दौर में जहां चोरी डकैती व ठगी बढ़ते मामले हर जगह सुनाई और दिखाई देते हैं। वहीं आज के इस दौर में भी कुछ लोगो के अंदर ईमानदारी अब भी जिंदा है। इसी का परिचय एक ईमानदार परिचालक ने दिया है।जानकारी के अनुसार रामनगर जाटौली (बूंदी) निवासी घासी लाल का पॉकेट(पर्स) बूंदी बस स्टैंड पर गिर गया था उक्त मुसाफिर का पर्स अजमेरू डिपो के परिचालक जोधराज दिखाई दिया और उसने उक्त दौरान पर्स उठाकर पर्स के मालिक की तलाश शुरू कर दी। लेकिन पर्स का मालिक कहीं दिखाई नहीं दिया इस पर रोडवेज बस के परिचालक जोधराज ने अपनी ईमानदारी का परिचय देते हुए उक्त पर्स देवली बुकिंग डिपो प्रभारी राकेश शर्मा को सौंप दिया। इस पर देवली बस स्टैंड प्रभारी राकेश शर्मा व परिचालक ने पर्स में मौजूद कार्ड में लिखे मोबाइल नंबर के माध्यम से पर्स मालिक को सूचित कर बताएं कि उसका पर्स देवली बस स्टैंड बुकिंग पर सुरक्षित है। इस दौरान राकेश शर्मा और परिचालक जोधराज ने पर्स के मालिक को देवली बुलाकर उसे उसका पर्स लौटा दिया । यहां परिचालक ने बताया कि उक्त पर्स में 15 हज़ार रुपये नगद,एटीएम कार्ड व अन्य दस्तावेज रखे हुए मिले थे। इस मौके पर बुकिंग प्रभारी राकेश शर्मा अनिल शर्मा,सावर मल,पवन जैन,त्रिलोकचंद शर्मा ,मुरारी शर्मा शिवराज साहू व मोंटी साहू समेत लोग मौजूद रहे।

# पंप चालक के साथ मारपीट, जिले के सभी कर्मचारी हड़ताल पर

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** जल जीवन योजना के कर्मचारियों की ओर से आए दिन हो रही मारपीट की घटनाओं को लेकर मंगलवार को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग के सभी कर्मचारी एवं संविदा पंप चालक हड़ताल पर चले गए। इससे करीब पांच पंचायत समिति मलारना डूंगर उपखंड, चौथ का बरवाड़ा, खंडार, बौंली सहित अन्य गांव में पानी की समस्या उत्पन्न हो गई। जानकारी के अनुसार 2 दिन पूर्व भाड़ौती कस्बे में स्थित जल जीवन मिशन के पंप चालक दिनेश मीणा के साथ रिडकोर विभाग के कर्मचारियों की ओर से अकारण मारपीट एवं गाली गलौज करने की बात को लेकर सवाईमाधोपुर जिले के सभी तहसीलों के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कर्मचारी एवं पंप चालक हड़ताल पर चले गए। सभी कार्मिकों का कहना है कि जब तक विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी, तब तक सभी कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे।

राजस्थान ग्रामीण जल जीवन योजना कर्मचारी संघ के अध्यक्ष दिनेश मीणा ने बताया कि कस्बे में पंजाब नेशनल बैंक के सामने लालसोट कोटा मेगा हाईवे पर रिडकोर विभाग ने हाईवे के किनारे भरे पानी को ठीक करवाने के लिए गड्ढे खोद दिए। इसके कारण जल जीवन योजना की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। जल जीवन योजना के संविदा कर्मचारी दिनेश मीणा ने मौके पर पहुंचकर बिना बताए पाइपलाइन तोड़ने के बारे में पूछा तो रिडकोर कर्मचारियों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। जल जीवन योजना के कर्मचारियों के साथ मारपीट के बाद जिले के समस्त जल जीवन योजना कर्मचारी संघ के कर्मचारियों में रोष व्याप्त है और अनिश्चित हड़ताल पर चले गए।

# जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं सतर्कता समिति की बैठक आज

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** राज्य सरकार द्वारा जन भावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई कर उनके त्वरित समाधान के लिए जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में 16 जनवरी को प्रातः 11 बजे जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं सतर्कता समिति की बैठक कलेक्ट्रेट परिसर स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र के वीसी कक्ष में आयोजित की जाएगी। जनसुनवाई में परिवादियों द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र, सतर्कता समिति में दर्ज प्रकरण एवं राजस्थान सम्पर्क पोर्टल की विस्तृत समीक्षा के साथ त्रिस्तरीय जनसुनवाई के लम्बित प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी।

# जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनसुनवाई आज

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( का.स. )।** जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा की अध्यक्षता में गुरुवार, 16 जनवरी को प्रातः 11 बजे भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र, टोंक में जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। जिला कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को जनसुनवाई में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

# गरिमामय मनाया जाएगा सवाई माधोपुर का 262वां स्थापना दिवस

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** सवाई माधोपुर के 262वें स्थापना दिवस को पूर्ण गरिमा व समारोह पूर्व मनाने के उद्देश्य से पर्यटन विभाग के सहायक निदेशक मधुसूदन सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय में प्रेस वार्ता आयोजित हुई। सहायक निदेशक पर्यटन ने बताया कि उप मुख्यमंत्री एवं पर्यटन मंत्री दिया कुमारी के निर्देशानुसार सवाई माधोपुर का 262वां स्थापना दिवस के अवसर पर 19 व 20 जनवरी, 2025 को विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक पारम्पारिक फुटबॉल, मैराथन, खेल-कूद प्रतियोगिताए, हेरिटेज वॉक, बॉलीवुड नाईट, चित्रकला आयोजित की जाएगी। इस दौरान 19 जनवरी को प्रातः 9 बजे त्रिनेण गणेश जी की महाआरती, प्रातः 10 बजे फोटो प्रदर्शनी दशहरा मैदान में, प्रातः 10:30 बजे नगर परिषद सवाई माधोपुर में सवाई माधोपुर के संस्थापक महाराजा सवाई माधोसिंह प्रथम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम, इसी दिन प्रातः 11 बजे काला गौरा भैरव मंदिर से गलता मंदिर तक हेरिटेज वॉक का आयोजन होगा। प्रातः 11:30 बजे काला गौरा भैरव मंदिर से दण्डवीर बालाजी होते हुए राजबाग मैदान तक शोभा यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें जयपुर के विश्व प्रसिद्ध तीज महोत्सव के दौरान निकलने वाले लवाजमा की भी झलक इसमें देखने को मिलेगी। वहीं विभिन्न स्कूलों, सामाजिक संगठनों एवं आमजन की शोभा यात्रा में विशेष रूप से भागीदारी रहेगी।

वहीं 19 जनवरी को दोपहर 1 बजे राजबाग मैदान में पारम्परिक खेल-कूद प्रतियोगिता एवं सांय 6 बजे दशहरा मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रम रंगीलो राजस्थान का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 20 जनवरी को प्रातः 9 बजे दशहरा मैदान से



सर्किट हाउस होते हुए आलनपुर से पुनः दशहरा मैदान तक मैराथन, प्रातः 10:30 बजे दशहरा मैदान पर पेंटिंग प्रतियोगिता, प्रातः 11 बजे काला गौरा भैरव मंदिर से गलता मंदिर तक हेरिटेज वॉक, दोपहर 1 बजे दशहरा मैदान में फुटबॉल मैच एवं सांय 6 बजे दशहरा मैदान में बॉलीवुड नाईट का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान उप निदेशक सूचना एवं जनसम्पर्क हेमन्त सिंह सहित मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# 101 जरूरतमंदो को बांटे ऊनी कम्बल



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री रमाकान्त पटेल की ओर से मकर सक्रान्ति के पावन अवसर पर अपनी स्वयं की ओर से 101 जरूरतमंदो को ऊनी कम्बलो का वितरण किया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष पटेल द्वारा इस प्रकार का पुण्य कार्य किया गया। कम्बल वितरण के दौरान आयोजित समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए पालिकाध्यक्ष सोनिया सोनी ने कहा कि दान पुण्य दिवस पर जरूरतमंद लोगो को सर्दी के बचाव के लिए कम्बलो का वितरण कर महान पुण्य का कार्य किया है। पटेल द्वारा किए गए इस कार्य की जितनी प्रशंसा की जाए वो कम है। वितरण समारोह में भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष त्रिलोकचन्द जैन, जिला आयोजना समिति सदस्य एवं पालिका पार्षद डॉ. अकिंत जैन, कृष्णगोपाल गुर्जर, पूर्व पार्षद मनीष सोनी भी मौजुद रहे।

# ग्राम पंचायत सालरिया कलां में आयोजित हुई रात्रि चौपाल

## जिला कलक्टर नमित मेहता तथा पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं 40 से अधिक प्रकरणों में की सुनवाई

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** जिला कलक्टर नमित मेहता तथा जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने मंगलवार को उपखंड बनेड़ा की ग्राम पंचायत सालरिया कलां में रात्रि चौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं सुन कर मौके पर ही अधिकारियों को परिवेदनाओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने आमजन की विभिन्न परिवेदनाओं को सुना और विभागीय अधिकारियों को त्वरित राहत प्रदान कराने के लिए निर्देशित किया। जिला कलक्टर रात्रि चौपाल के दौरान विभागों के जिला स्तरीय और ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को विद्युत, पेयजल, सड़क, शिक्षा सहित राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत पात्रता व उससे संबंधित लाभ के प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करते हुए परिवादियों को राहत प्रदान करने के निर्देश दिए। रात्रि चौपाल में सड़क डामरीकरण, सीमाज्ञान, आबादी विस्तार, भूमि आवंटन, अतिक्रमण हटाने सहित शिक्षा, विद्युत, पेयजल, सड़क, सामाजिक एवं न्याय एवं अधिकारिता विभाग, पंचायती राज, रसद, पीडब्ल्यूडी सहित विभिन्न विभागों से संबंधित 40 से अधिक प्रकरण प्राप्त हुए जिनको शीघ्र निस्तारण करने के संबंध में जिला कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। रात्रि चौपाल में जलदाय, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, विद्युत, शिक्षा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजस्व, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामवासियों को दी। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन ओपी मेहरा, जिला परिषद सीईओ चंद्रभान भाटी, सीएमएचओ डॉ सीपी गोस्वामी, उपनिदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सत्यपाल जांगिड़, जिला रसद अधिकारी अमरेंद्र मिश्रा सहित अन्य अधिकारी स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा आमजन मौजूद रहे।

# देश व समाज के विकास में युवाओ का महत्वपूर्ण योगदान : विधायक आक्या

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** कालीबाई भील एवं देवनारायण मेधावी छात्रा स्कूटी योजना के तहत 51 छात्राओं को स्कूटी वितरीत युवा देश का भविष्य है, उन्हे अपने श्रम और परिश्रम से आने वाले समय में उच्च मुकाम हासिल करना है साथ ही देश व समाज के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देना होगा। विधायक चंद्रभान सिंह आक्या बुधवार को महाराणा प्रताप राजकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय में कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना एवं देवनारायण छात्रा स्कूटी एवं प्रोत्साहन योजना के तहत आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधीत कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. हेमेन्द्रनाथ व्यास व विशिष्ट अतिथि पूर्व नगर परिषद सभापति सुशील शर्मा, पूर्व युआईटी चेयरमेन सुरेश झंवर, पूर्व नगर महामंत्री अनिल ईनाणी, सहकार भारती प्रदेश मंत्री रवि विराणी व राजन माली थे। डॉ. पीयुष शर्मा ने बताया कि महाराणा प्रताप राजकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय चित्तौडगढ़ में कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कुटी योजना एवं देवनारायण छात्रा स्कूटी एवं प्रोत्साहन योजना के तहत आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में विधायक आक्या व अतिथियो द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात



समस्त अतिथियो का विद्यालय प्रशासन द्वारा उपरना ओढ़ाकर स्वागत किया गया। इस दौरान अपने अध्यक्षीय उदबोधन में प्राचार्य प्रो. हेमेन्द्रनाथ व्यास ने महाविद्यालय के विकास में विधायक आक्या के सक्रिय सहयोग एवं भागीदारी की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। उन्होने स्कूटी प्राप्त करने वाली छात्राओ का अभिनंदन करते हुए कहां की छात्राएं हमारे महाविद्यालय का गौरव है जिन्होने उच्चतम शैक्षणिक उपलब्धियो के द्वारा अपने परिवार, समाज और संस्थान का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर 51 प्रतिभावान छात्राओ को स्कूटी का वितरण विधायक आक्या व अतिथियो द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नेशनल एडु ट्रस्ट ऑफ इण्डिया की ओर से महाविद्यालय प्राचार्य को दिया गया सम्मान अवार्ड ऑफ ऑनर फॉर बेस्ट प्रिंसिपल एवं स्कूटी वितरण कार्यक्रम की प्रभारी भारती वीरवाल को अवार्ड ऑफ ऑनर फॉर बेस्ट नोडल ऑफिसर का प्रमाण पत्र विधायक आक्या द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रो. भारती मेहता द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संजू बालोत द्वारा किया गया।

# देवली उपखंड के गांव रावता माताजी को पुनर्गठन कर अलग ग्राम पंचायत बनाने की मांग की ग्रामीणों ने

बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** उपखंड क्षेत्र में देवीखेडा ग्राम पंचायत से रावता माताजी गांव को अलग पुनर्गठन करके ग्राम पंचायत बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन सौंप कर ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी को बताया कि देवली उपखण्ड क्षेत्र में 40 ग्राम पंचायत है। जिसमे भौगोलिक व आबादी बहुत अधिक है। इस वजह से क्षेत्रवासियो को काफी समस्याओ का सामना करना पडता है। ऐसे में देवी खेड़ा ग्राम पंचायत के गांव रावता माताजी की आबादी वर्तमान में लगभग 15 सौ से भी अधिक है। तो वही रावता माताजी के निकट बिसलपुर बांध गांव है । इसकी दूरी रावता माताजी से केवल 3 किलोमीटर है । ऐसे में बीसलपुर गांव वर्तमान मै राजमहल पंचायत के अधीनस्थ है। तो वही रावता माताजी गांव से ककोडिया व रघुनाथपुरा गांव नजदीक बसे हुए हैं ।

ऐसे में इन तीनों गांवो के बीच मै रावता माताजी ग्राम बसा हुआ है। तो वही उक्त गांवो से रावता माताजी की आबादी सबसे अधिक है। इधर ग्रामीणों ने ज्ञापन देते हुए यह भी कहा कि



उक्त सभी गांव की बढ़ती आबादी को ध्यान में रखते हुए उक्त सभी गांव को शामिल कर पूर्णगठन करके रावता माता जी ग्राम को अलग से ग्राम पंचायत का दर्जा देकर आधुनिक सुख सुविधाओं से जोड़ा जाए। ज्ञापन देने के इस मौके पर एडवोकेट बाबूलाल मीणा, प्रहलाद सिंह रामसहाय, धनराज, धर्मराज, भोजराज, कजोड़ वैष्णव ,सुरजमल, बंशीलाल नरेश, सत्यनारायण सहित कई ग्रामीण लोगो मौजूद रहे।

# समरावता प्रकरण को लेकर संभागीय आयुक्त 17 जनवरी को सर्किट हाउस में जनसुनवाई करेंगे

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( का.स. )।** तहसील नगर फोर्ट के ग्राम समरावता में विधानसभा उपचुनाव-2024 के दौरान घटित घटना के संबंध में राज्य सरकार द्वारा प्रशासनिक जांच के लिए संभागीय आयुक्त अजमेर श्री महेश चंद्र शर्मा को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है।

इस संबंध में संभागीय आयुक्त शुक्रवार, 17 जनवरी को प्रातः 11:30 बजे सर्किट हाउस टोंक में जनसुनवाई करेंगे। उन्होंने बताया कि इस घटना के संबंध में हितबद्ध, प्रभावित व्यक्ति एवं अन्य संबंधित व्यक्ति अपना पक्ष, साक्ष्य, सबूत एवं दस्तावेज पेश करना चाहे वे सर्किट हाउस टोंक में नियत समय पर उपस्थित होकर अपना शपथ पत्र प्रस्तुत कर सकते है।

# कब्ज से हैं परेशान, तो आजमाएं ये घरेलू उपाय, मिलेगी राहत

उल्टी डकार, हल्का पेट दर्द, गैस की समस्या और शौच करने में परेशानी आज आधुनिक जीवन का हिस्सा बन गया है, है ना? हालांकि, अभी यह एक बार होने वाली समस्या हो सकती है, लेकिन जल्द ही यह पुरानी कब्ज में बदल सकती है, जिसकी वजह से आपको काफी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। अत्यधिक सामान्य और फ्रसटेटिंग, कब्ज किसी को भी प्रभावित कर सकता है। अनुमान है कि लगभग 20 प्रतिशत लोग इस समस्या से पीड़ित हैं। घरेलू उपचार और जीवनशैली में बदलाव अक्सर इसे हल करने में मदद कर सकते हैं, लेकिन कभी-कभी इसे चिकित्सा की भी आवश्यकता हो सकती है। यह सही है कि कब्ज से निपटना मुश्किल नहीं है और आपको इसका इलाज करने के लिए दवाओं पर विशेष रूप से निर्भर होने की आवश्यकता भी नहीं है। एक स्टडी के अनुसार, कब्ज को सिर्फ दवा से ही कंट्रोल नहीं किया जा सकता है। एक उचित आहार और जीवनशैली में बदलाव, इस समस्या से काफी राहत प्रदान कर सकते हैं।

**तरल पदार्थ**-कब्ज को कंट्रोल करने के लिए हाइड्रेटेड रहना बहुत महत्वपूर्ण है। विशेषज्ञों के अनुसार, हर दिन 8-10 गिलास पानी पीने से पाचन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। यहाँ याद रखने वाली बात यह है कि आपका मल जितना सख्त होगा, पास करना उतना ही मुश्किल होगा। तो, हर दिन पर्याप्त पानी पीएं और अपने आहार में सूप, हरी और काली चाय, और ताज़ा जूस शामिल करें।

**प्राकृतिक फाइबर**-फाइबर युक्त आहार खाने से न केवल आपके मल की मात्रा बढ़ जाती है, बल्कि यह आपकी आंतों के माध्यम से बाहर भी आसानी से निकल जाता है। कब्ज से राहत पाने के लिए हर दिन पर्याप्त सेब, नाशपाती, अंकुरित अनाज, जई, अंजीर, दाल और फलियां खाएं।

**प्रोबायोटिक्स**-प्रोबायोटिक्स जीवित ऑर्गनिज़्म होते हैं जो प्राकृतिक रूप से दही, किमची, सॉकरोट, मिसो और केफिर जैसे खाद्य पदार्थों में पाए जाते हैं। उन्हें अच्छे या गुड बैक्टीरिया के रूप में जाना जाता है, क्योंकि वे हानिकारक बैक्टीरिया के खिलाफ लड़ते हैं और उन्हें आंत में बसने से रोकते हैं। प्रोबायोटिक्स अच्छे बैक्टीरिया से बने होते हैं जो आपके शरीर को स्वस्थ और अच्छी तरह से काम करने में मदद करते हैं।

# बंद नाक होने पर बरतें जरूरी सावधानी

जब नाक में जमाव या नाक किसी द्रव से भरी हुई होती है तो इस स्थिति को नाक बंद होना कहते हैं। यह कोई स्वास्थ्य समस्या नहीं है पर हां यह किसी समस्या का लक्षण हो सकता है, जैसे कि साइनस। इसके अलावा सर्दी जुकाम भी नाक बंद होने के पीछे कारण बन सकते हैं। ऐसे में लोग घरेलू उपचार की मदद से रुकी हुई नाक को खोलने की कोशिश करते हैं। लेकिन कभी-कभी स्थिति गंभीर हो सकती है।



## बंद नाक के कारण

बता दें कि जब नाक के अंदर कोई द्रव भर जाता है या सूजन आ जाती है तब नाक बंद हो जाती है। अगर उदहारण की बात करें तो सर्दी जुकाम आदि के कारण नाक बंद हो जाते हैं। ये समस्याएं नाक से से जुड़ी है जो जल्दी ठीक भी हो जाती हैं। लेकिन अगर नाक एक हफ्ते तक ठीक ना हो तो हो सकता है कि आपको स्वास्थ्य समस्या है।

- नाक में कैंसर यानी नाक के मार्ग में ट्यूमर का बनना।
- किसी रासायनिक पदार्थ के संपर्क में आ जाना।
- एलर्जी के कारण।
- साइनस संक्रमण जो कि लंबे समय तक है उसके कारण।
- नाक की बीच की दीवार पर टेढ़ा हो जाने के कारण

इस प्रकार की समस्या गर्भावस्था के दौरान भी हो सकती है। ऐसे में यह पहली तिमाही के अंत में लक्षण नजर आते हैं।

चूंकि हार्मोन उतार-चढ़ाव के कारण नाक बंद हो जाती है यह बदलाव नाक की झिल्ली को प्रभावित कर नाक में सूखापन, सूजन या खून बहने जैसी समस्या को पैदा कर सकते हैं।

## नाक बंद के लक्षण

- बहती हुई या रुकी हुई नाक।
- साइनस में दर्द के कारण।
- नाक में सूखापन।
- सांस लेने में दिक्कत।
- नाक के आसपास लालिमा।
- नाक के आसपास सूजन आ जाना।

कई बार नाक बंद होने पर घरेलू उपाय काम नहीं आते ऐसे में अगर स्थिति ज्यादा दर्दनाक है तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं। क्योंकि ऐसी स्थिति में मेडिकल उपचार की जरूरत होती है।

अगर 10 दिन तक नाक बंद रहे तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं। इसके अलावा तीन या अधिक दिन तक तेज बुखार होने पर डॉक्टर को दिखाएं। अगर हरे रंग का नाक से द्रव निकले तब भी डॉक्टर से सलाह जरूर करें।

## नाक बंद होने के घरेलू उपचार

- भाप माध्यम से नाक को साफ करें। सबसे पहले एक बड़े बर्तन में पानी भरें और उसे गर्म करें। गर्म करने पर जब भाप निकलनी शुरू हो जाए तो तौलिये से सिर को ढक लें और गहरी सांस लेना शुरू करें। इस बात का ध्यान रखें कि भाप तौलिए से बाहर ना जा पाए। इसके अलावा कुछ सुगंधित तेलों का भी प्रयोग कर सकते हैं जैसे अजवाइन, पुदीना आदि से नाक साफ करें।
- अदरक से नाक साफ कर सकते हैं क्योंकि इसके अंदर सूजनरोधी गुण पाए जाते हैं जो बलगम से भरे नाक को साफ कर सकते हैं। आप अदरक का प्रयोग हर्बल चाय के रूप में कर सकते हैं। ये नाक साफ करने में बेहद उपयोगी है। इस के टुकड़े को पानी में उबालें और तौलिये को डिबोकर चेहरे पर लगाएं।
- गर्म सूप से भी नाक को खोला जा सकता है। रोजाना तीन से चार कप लहसुन और अदरक से बना हुआ सूप पीएं। इसके अलावा नॉन वेजिटेरियन सूप की भी मदद ले सकते हैं।

# कॉफी को कैसे बनाएं सुपर हेल्दी





कॉफी हमें बहुत अधिक एनर्जी प्रदान करती है इसलिए बहुत से लोग इसे थके होने पर या कुछ भी काम करने पर जरूर पीते हैं। बहुत से लोग जो तीनों समय इसे पीते हैं उनके मन में अक्सर संशय रहता है कि कॉफी पीना सही है या गलत। कहीं हम अपने शरीर को ज्यादा कॉफी पीने से और अधिक अनहेल्दी तो नहीं बना रहे हैं। लेकिन अगर आप कॉफी को हेल्दी बनाना चाहते हैं तो यह आपके शरीर के लिए सबसे बेहतरीन ड्रिंक हो सकती है। परंतु सवाल यह है कि आप कैसे काफी को हेल्दी बना सकते हैं? इसके लिए आपको कुछ जरूरी निम्न बातों को ध्यान में रखना होगा। तब आप कॉफी को बिना किसी अफसोस के, चाव से पी सकेंगे।

## कॉफी में अधिक शुगर न डालें

बहुत से लोग कॉफी को स्वादिष्ट बनाने के लिए भर भर के चीनी का प्रयोग करते हैं और जैसा कि हम सभी जानते हैं कि चीनी हमारे स्वास्थ्य की दुश्मन होती है और अगर आप इतनी अधिक चीनी खा रहे हैं तो यह आपके स्वास्थ्य को बहुत नुकसान पहुंचाने वाली है। इसलिए आपको चीनी केवल एक छोटी चम्मच ही लेनी चाहिए।

## बहुत ज्यादा कॉफी न पिएं

अगर आप एक दिन में बहुत ज्यादा कॉफी पी लेते हैं तो इससे इसके सारे स्वास्थ्य लाभ जीरो हो जाते हैं। अगर आप चाहते हैं कि कॉफी आपके शरीर को हानि न पहुंचाए तो आपको कॉफी को केवल सीमित ही मात्रा में पीना चाहिए। आप केवल एक दिन में दो कप कॉफी ही पी सकते हैं, इससे अधिक हानिकारक होगी।

## दोपहर दो बजे के बाद न पिएं कॉफी

कॉफी में कैफ़ीन होता है जो आपको अधिक एनर्जी प्रदान करता है। इसलिए अगर आप दोपहर के बाद इसे पीते हैं तो आपको अधिक एनर्जी मिलती है। जिस कारण आप सो भी नहीं पाएंगे और अगर अच्छी नींद नहीं आती है तो बहुत सी स्वास्थ्य समस्या जन्म ले लेती हैं। इन सभी स्थितियों से बचने के लिए आपको कभी दो बजे के बाद कॉफी नहीं पीनी चाहिए।

## किसी अच्छे ब्रांड की कॉफी ही पिएं

कॉफी का ब्रांड भी कॉफी की क्वालिटी बदलता रहता है। अगर आप पैसे बचाने के चक्कर में कोई सस्ती और बेकार कॉफी खरीद लेते हैं तो इससे आपको ही नुकसान होता है क्योंकि कॉफी बीन्स पर बहुत अधिक कीटनाशकों और केमिकल का छिड़काव होता है। जिस कारण यह आपके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो जाती है। इसलिए एक अच्छे और प्रसिद्ध ब्रांड की कॉफी ही खरीदें।

## अपनी कॉफी में थोड़ी दालचीनी भी शामिल कर लें

दालचीनी आपके ब्लड ग्लूकोज को कम करती है और यह डायबिटिक लोगों के लिए लाभदायक होती है। इसलिए अगर आप दालचीनी को अपनी कॉफी में एड करते हैं तो वह और अधिक फ्लेवर के साथ टेस्टी तो बनेगी ही साथ में यह आपके लिए और ज्यादा लाभदायक और सेहतमंद भी होगी।


## कॉफी में कुछ कोकोआ पाउडर डालें

कोकोआ में एंटी ऑक्सीडेंट्स होते हैं और यह आपको बहुत सारे स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है। जिस में हृदय रोगों के होने की संभावना भी कम हो जाती है। कोकोआ एड करने से आपकी कॉफ़ी का फ्लेवर और अधिक बढ़ जाता है, इससे स्वाद भी दोगुना हो जाता है। इसे शामिल करने से आप शुगर एड करने से भी बच सकते हैं जिससे आपकी कॉफी और अधिक हेल्दी बनेगी।

## आर्टिफिशियल क्रीमर का प्रयोग न करें

आर्टिफिशियल क्रीमर बहुत ज्यादा प्रोसेस्ड और इनमें कुछ हानिकारक तत्व भी मिले होते हैं इसलिए यदि आप कॉफी को पतला करने के लिए इन क्रीमर का प्रयोग न करें। उसकी जगह दूध का प्रयोग करें।

# अधिक पपीता का सेवन स्किन को पहुंचा सकता है नुकसान, पपीता खाने के दुष्परिणाम



पपीता के गुणों से आप अच्छी तरह वाकिफ होंगे। वेट लॉस करने से लेकर स्किन केयर रुटीन फॉलो करने वाले लोग पपीता का सेवन करते हैं। पपीते में मौजूद पोषक तत्व वज़न को कम करने के साथ-साथ पाचन को दुरुस्त करने में लाभकारी मानें जाते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि जरूरत से ज्यादा पपीता का सेवन करना भी नुकसानदेय हो सकता है? जी हां, किसी भी चीज का जरूरत से ज्यादा सेवन करना सेहत के लिए हमेशा नुकसानदेय ही रहा है। पपीता भी ऐसी ही चीजों में शामिल है। यह कई पोषक तत्वों से भरपूर है, लेकिन अगर आप अति से ज्यादा इसका सेवन करते हैं, तो यह फायदा पहुंचाने के बजाय आपको नुकसान पहुंचाने लगता है। इसलिए हमेशा सीमित मात्रा में ही पपीता का सेवन करें।

**स्किन के लिए है हानिकारक :** पपीता स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है। इसमें पपैन नामक एंजाइम मौजूद होता है, जिसका अधिकतर इस्तेमाल स्किन केयर क्रीम को बनाने के लिए किया जाता है। लेकिन यह एंजाइम सभी टाइप के स्किन के लिए अच्छा नहीं माना जाता है। ऐसे में अगर किसी को इस एंजाइम से एलर्जी है, तो उनके स्किन पर रैशेज और जलन की शिकायत हो सकती है। इसलिए पपीता का सेवन सीमित मात्रा में ही करना आपके स्किन के लिए बेहतर होता है।

**बढ़ा सकती है रेस्पिरेटरी एलर्जी :** पपीता में मौजूद पपैन नामक एंजाइम एक शक्तिशाली एलर्जीन है। अगर आपको किसी तरह की श्वास संबंधी समस्या है। उदाहरण के लिए अस्थमा, एलर्जी तो इसका सेवन सावधानी पूर्वक करें। अगर आप काफी ज्यादा पपीता खाते हैं, तो आपकी परेशानी बढ़ सकती है। अधिक पपीता खाने से अस्थमा, घबराहट और सांस लेने में परेशानी जैसी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

**हार्ट बीट कर सकता है धीमा :** दिल से जुड़ी बीमारियों से ग्रसित लोगों को पपीते के अधिक सेवन से बचना चाहिए। अधिक पपीते के सेवन से आपके दिल की धड़कनों की दर अनिश्चित रूप से कम होती है। इसके साथ ही यह दिल से जुड़ी परेशानियों को बढ़ा सकती हैं। ऐसे में अगर आपको हृदय से जुड़ी कोई परेशानी हैं, तो डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

**बढ़ सकती है पेट की समस्या :** अति से ज्यादा पपीते का सेवन करने से हमारा गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल सिस्टम प्रभावित होता है। इसके कारण पेट में गैस, जलन जैसी समस्या बढ़ सकती हैं। दरअसल, पपीते में फाइबर की अधिकता होती है। अधिक फाइबर का सेवन पाचन को प्रभावित करता है। जिसके कारण कब्ज, एसिडिटी और दस्त की शिकायतें हो सकती है।

**गर्भवती महिलाओं के लिए नुकसानदेय :** इस बात से शायद आप अच्छे से वाकिफ होंगे कि गर्भवती महिलाओं को पपीता का सेवन नहीं करना चाहिए। क्योंकि पपीता का सेवन करने से गर्भवती के भ्रूण को नुकसान पहुंच सकता है। दरअसल, पपीते में लेटेक्स की अधिकता होती है, जिसके कारण गर्भाशय सिकुड़ने की संभावना होती है। इसके अलावा इसमें मौद पपैन भ्रूण के विकास की झिल्ली को नुकसान पहुंचा सकता है। ऐसे में गर्भवती महिलाओं को पपीता का सेवन बिल्कुल भी नहीं करना चाहिए।

**लो ब्लड शुगर :** हाई ब्लड शुगर रोगियों के लिए पपीता का सेवन फायदेमंद हो सकता है। लेकिन लो ब्लड शुगर रोगियों के लिए पपीता का अधिक सेवन नुकसानदेय माना जाता है। वहीं, अगर आप ब्लड शुगर की दवा ले रहे हैं, तो डॉक्टर से पूछ कर ही पपीता का सेवन करें।

# पीठ के निचले हिस्से में दर्द (लोअर बैक पेन) से छुटकारा पाने के घरेलू उपाय

पीठ के निचले हिस्से में दर्द काफी दर्दनाक हो सकता है। लोग सोचते हैं कि यह दर्द केवल वृद्धावस्था में होता है पर ऐसा नहीं है। किसी भी उम्र में व्यक्ति इस दर्द का शिकार हो सकता है। बता दें कि यह दर्द कैल्शियम की कमी, मांसपेशियों में खिंचाव, गर्भाश्य में सूजन, विटामिन की कमी के कारण हो सकता है। अगर दर्द का पता शुरू में लग जाए तो लापवाही न बरतें। शुरुआत में इस दर्द को घरेलू उपायों से दूर किया जा सकता है।



**तुलसी का प्रयोग :** पीट के निचले हिस्से के दर्द को दूर करने में तुलसी आपके बेहद काम आ सकती हैं। ऐसे में तुलसी की पत्तियों को पानी में उबालें और जब पत्तियों का रस पूरी तरह से पानी में मिल जाए। तब गैस से उतारकर मिश्रण को ठंडा करें। ठंडा करने के बाद उसमें नमक मिलाएं और उसका सेवन करें। ऐसा करने से पीठ के निचले हिस्से का दर्द दूर हो जाएगा।

**लहसुन का प्रयोग :** लहसुन के माध्यम से भी दर्द को दूर किया जा सकता है। ऐसे में लहसुन की कलियों का सेवन खाली पेट कर सकते हैं। इसके अलावा लहसुन के तेल से भी इस दर्द को दूर किया जा सकता है।

**अदरक का प्रयोग :** अदरक के माध्यम से इस दर्द को दूर किया जा सकता है। अदरक से बना पेस्ट प्रभावित स्थान पर लगाने से आराम मिलता है। इसके अलावा अदरक के पेस्ट के ऊपर नीलगिरी के तेल से भी ज्यादा प्रभाव होता है। अगर दूसरे उपचार की बात करें तो पानी में उबाल आने तक अदरक के टुकड़े डालें और जब अदरक का रस उस पानी में घुल जाए तो छानकर ठंडा कर लें। अब उस पानी में शहद मिलाएं और उसका सेवन करें।

**दूध का उपयोग :** दूध के अंदर भरपूर मात्रा में कैल्शियम पाया जाता है। ऐसे में दूध के सेवन से मांसपेशियों को मजबूती मिलती है और हड्डियां भी मजबूत होती हैं।

कभी-कभी पीठ के निचले हिस्से में दर्द कैल्शियम की कमी से होता है। ऐसे में नियमित रूप से दूध का सेवन करें। दूध में शुगर की बजाय आप शहद को मिलाएं और उसका सेवन करें। दर्द में आराम मिलेगा।

**बर्फ की सिकाई :** प्रभावित स्थान पर बर्फ की सिकाई एक बेहतर विकल्प है। लेकिन डायरेक्ट बर्फ लगाना नुकसान देह भी हो सकता है। ऐसा करने से दर्द बढ़ सकता है। ऐसे में सूजन को दूर करने के लिए बर्फ को एक कपड़े में लपेटें और प्रभावित स्थान पर 10 से 15 मिनट के लिए रखें।

# Child Care : बच्चों को सेब खिलाने के फायदे

बच्चों की सेहत का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। बच्चों के विकास के लिए उन्हें समय-समय पर न्यूट्रीएंट्स मिलते रहने से उनका विकास तेजी से होता है।

**हड्डियों को बनाए मजबूत :** बच्चों को सेब खिलाने से उनकी हड्डियों का विकास होता है। सेब खाने से बोन डेंसिटी बढ़ती है। बच्चे अक्सर खेलते कूदते रहते हैं। ऐसे में खेलते समय गिरने से या उछलने से उनमें फ्रैक्चर और मोच आदि का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए बच्चों की हड्डियों की मजबूती के लिए उन्हें सेब खिलाना बहुत फायदेमंद होता है। सेब में एंटी इनफ्लेमेटरी और एंटी ऑक्सीडेंट्स गुण पाए जाते हैं, जो बोन्स के लिए अच्छे होते हैं।

**आंखो की रोशनी बढ़ाए :** आंखों की रोशनी बढ़ाने में भी सेब अहम भूमिका निभाता है। सेब खाने से बच्चों की आंखो की रोशनी बढ़ती है। कुछ बच्चों को बचपन में ही चश्मा लग जाता है। उन्हें तो खासतौर पर सेब खिलाना चाहिए। सेब में फ्लेवोनॉयड्स, एंटीऑक्सिडेंट और फाइटोन्यूट्रीएंट्स पाए जाते हैं। जो आंखो पर फ्री रेडिकल्स के प्रभाव को कम कर आंखों की बीमारियों से बचाते है।

**पाचन तंत्र को रखे स्वस्थ :** सेब फाइबर का एक बहुत अच्छा स्त्रोत होता है। फाइबर रिच फूड खाने से पाचन हमेशा स्वस्थ रहता है। बच्चों का डाइजेस्टिव सिस्टम हेल्दी रखने के लिए उन्हें दिन में एक सेब ज़रूर खिलना चाहिए। इससे उनमें कांस्टिपेशन की भी समस्या नहीं होती। अच्छा डाइजेस्टिव सिस्टम होने से बच्चों में न्यूट्रिएंट्स अच्छे से अवशोषित होते हैं, जिससे बच्चों का विकास तेजी से होता है।

**मोटापे को दूर करे :** बच्चो में मोटापा उनकी सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। मोटापे से बच्चों का हृदय स्वास्थ खराब हो सकता है। बच्चों मे दिल के रोगों का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए बच्चों का मोटापा दूर करना हो तो उन्हें दिन मे एक सेब ज़रूर खिलाएं। हाई फाइबर फूड होने से सेब खाने पर बच्चों को भूख कम लगती है। साथ ही बच्चों का हृदय स्वास्थ भी अच्छा रहता है और शरीर में कोलेस्ट्रॉल भी कम रहता है। यह बच्चों के फैट को घटाने में सहायक होता है।

**ब्रेन डेवलपमेंट :** सेब खाने से बच्चों मे दिमाग का विकास होता है। यह बच्चों की मेमोरी को बढ़ाता है। सेब खाने से बच्चों मे चीजें जल्दी भूलने की आदत छूट जाती है। सेब में पाए जाने वाला क्वेरसेटिन दिमाग को तेज़ बनाता है और दिमाग की कोशिकाओं को प्रोटेक्ट भी करता है। दिमाग के



RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# 15 महीने बाद हमास-इजराइल में सीजफायर पर सहमति

## हमास ने शर्तें मानी; ट्रम्प बोले- बहुत जल्द इजराइली बंधक रिहा होंगे

बढ़ता राजस्थान

**इजराइल (एजेंसी)।** हमास ने गाजा सीजफायर की शर्तें मान ली हैं। अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान बिन जसीम अल थानी ने हमास और इजराइल के प्रतिनिधियों से बुधवार को मुलाकात की है।

दोनों पक्षों ने सीजफायर डील को लेकर सहमति दे दी है। हालांकि अभी तक इसकी आधिकारिक घोषणा होना बाकी है। इसके बाद गाजा में जंग रुक जाएगी, बंधकों और फिलिस्तीन कैदियों की रिहाई होगी।

हमास की शर्त ये है कि सीजफायर डील के पहले चरण में इजराइली सेना गाजा सीमा से 700 मीटर दूर अपने इलाके में चली जाएगी। फिलहाल इस सीजफायर डील को इजराइली कैबिनेट में पेश होना बाकी है। वहां इसे मंजूरी मिलते ही सीजफायर डील को तुरंत लागू किया जाएगा।

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इस डील को लेकर कहा कि हमास जल्द ही बंधकों को रिहा कर देगा।

पहले फेज में 33 इजराइली बंधक रिहा होंगे इस समझौते के लिए कतर की राजधानी दोहा में मिस्त्र, कतर और अमेरिका की मदद से बातचीत की गई। इसमें इजराइल का प्रतिनिधित्व मोसाद चीफ डेविड बार्निया और शिन बेट चीफ रोनेन बार ने किया। वहीं, अमेरिका की तरफ से यहां पर ट्रम्प के दूत स्टीव विटकॉफ और बाइडेन के दूत ब्रेट मैकगर्क मौजूद रहे।

रिपोर्ट्स के मुताबिक सीजफायर का पहला फेज 42 दिन को होगा। इजराइली अधिकारियों ने सोमवार को बताया था कि डील के पहले फेज में 33 बंधकों को रिहा किया जाएगा। इनमें से 5 इजराइल की महिला सैनिक होंगी। इसके बदले इजराइल 250 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा।

15 दिन बाद बाकी बंधकों को रिहा किया जाएगा। इस दौरान स्थायी तौर पर सीजफायर को लागू करने पर भी बातचीत की जाएगी।

**नॉर्थ गाजा में वापस लौटेंगे फिलिस्तीनी:**नागरिक CNN की रिपोर्ट के मुताबिक सीजफायर डील के तहत नॉर्थ गाजा से विस्थापित हुए फिलिस्तीनी नागरिकों को इजराइल वापस लौटने देगा। हालांकि इस इलाके में सुरक्षा के लिहाज से इजराइली सैनिकों की मौजूदगी बनी रह सकती है।

गाजा और इजराइल के बीच बफर जोन बनाया जाएगा। बफर जोन को लेकर इजराइल और हमास दोनों की अलग-अलग मांगें हैं। इजराइल बॉर्डर से 2 किमी के बफर जोन की मांग कर रहा है, जबकि हमास अक्टूबर 2023 से पहले की तरह 300 से 500 मीटर का बफर जोन चाहता है।

दूसरी तरफ इजराइल ने डील के तहत हमास के चीफ याह्या सिनवार की डेड बॉडी लौटाने से मना कर दिया है।




# केजरीवाल ने नई दिल्ली सीट से नामांकन भरा

## जूते बांटने पर प्रवेश वर्मा पर एफआईआर



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को नई दिल्ली सीट से नॉमिनेशन फाइल किया। नॉमिनेशन से पहले उन्होंने वाल्मीकि मंदिर में पूजा की। इसके बाद वे हनुमान मंदिर पहुंचे। पूजा के बाद उन्होंने कहा- भगवान मेरे साथ है। इसके बाद वे कार्यकर्ताओं के साथ रैली करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। नामांकन दाखिल करने के बाद केजरीवाल ने कहा, मैं दिल्ली के लोगों को कहना चाहूंगा कि काम के लिए वोट दीजिएगा। एक तरफ काम करने वाली पार्टी है और दूसरी ओर गाली-गलौज वाली पार्टी है। हम इस बात पर चुनाव लड़ रहे हैं कि पिछले 10 सालों में क्या काम हुआ है।

इधर भाजपा उम्मीदवार प्रवेश वर्मा पर महिलाओं को जूते बांटने के आरोप में स्न्ड्डक्र हुई है। इलेक्शन कमीशन के रिटर्निंग ऑफिसर ने दिल्ली पुलिस को मामला दर्ज करने के लिए चिट्ठी लिखी है। भाजपा ने प्रवेश वर्मा को पूर्व ष्टरूकेजरीवाल के खिलाफ नई दिल्ली सीट से उतारा है, वहीं कांग्रेस ने संदीप दीक्षित को उम्मीदवार बनाया। पूर्व सीएम केजरीवाल का सामना दो दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्रियों के बेटों से होगा। प्रवेश वर्मा पूर्व ष्टरूसाहिब सिंह वर्मा के बेटे हैं, वहीं संदीप दीक्षित पूर्व सीएम शीला दीक्षित के बेटे हैं।

# मोदी ने इस्कॉन मंदिर का उद्घाटन किया

## भारत को समझने के लिए अध्यात्म ही रास्ता सेवा ही असली सेक्युलरिज्म : पीएम मोदी

बढ़ता राजस्थान



**नई मुंबई (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को नवी मुंबई में एशिया के दूसरे सबसे बड़े इस्कॉन मंदिर का उद्घाटन किया। यह मंदिर 9 एकड़ में फैला है। मोदी ने कहा कि भारत को समझने के लिए अध्यात्म को आत्मसात करना होगा। उन्होंने कहा कि सेवा ही सच्चे सेक्युलरिज्म का प्रतीक है। सरकार भी इस्कॉन की तरह सेवा के भाव से काम कर रही है। पीएम ने कहा- जब देश गुलामियों की बेड़ियों में जकड़ा था, तब प्रभुपाद जी स्वामी इस्कॉन जैसा मिशन शुरू किया। इस मंदिर में भी अध्यात्म और सभी परंपरा के दर्शन होते हैं। यहां रामायण, महाभारत का म्यूजियम बनाया जा रहा है।

### इस्कॉन की तरह हमारी सरकार भी काम कर रही

इस्कॉन जिस तरह से सेवा के भाव से काम कर रही है, हमारी सरकार भी ऐसे ही काम कर रही है। सेवा की यही भावना सच्चा सामाजिक न्याय लाती है।

सेवा ही सच्चे सेक्युलरिज्म का प्रतीक है। हमारी सरकार कृष्णा सर्किट के माध्यम से देश के अलग-अलग तीर्थों और धार्मिक स्थानों को जोड़ रही है। इस सर्किट का विस्तार गुजरात, राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और ओडिशा तक है। वृन्दावन के 12 जंगलों का प्रतिरूप बनाया जा रहा है।

### प्रभुपाद जी का मेरे जीवन में अलग स्थान



मेरे जीवन में प्रभुपाद जी स्वामी का अलग स्थान है। जब सबसे बड़ी गीता का के संस्करण लोकार्पण के वक्त मुझे बुलाया था। उसका फल मुझे मिला। जब देश गुलामियों की बेड़ियों में जकड़ा था तब उन्होंने इस्कॉन जैसा मिशन शुरू किया। इस मौके पर मुझे परम श्रद्धेय गोपालकृष्ण गोस्वामी महाराज का भावुक स्मरण भी हो रहा है। इस प्रोजेक्ट में उनका विजन जुड़ा हुआ है। भगवान श्रीकृष्ण के प्रति उनकी अगाध भक्ति का आशीर्वाद जुड़ा हुआ है।। आज वो भौतिक शरीर से भले ही यहां न हो, लेकिन उनकी आध्यात्मिक उपस्थिति हम सब महसूस कर रहे हैं। दुनियाभर में फैले इस्कॉन के अनुयायी भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति की डोर से बंधे हैं। उन सबको एक-दूसरे से कनेक्ट रखने वाला एक और सूत्र है, जो 24 घंटे हर भक्त को दिशा दिखाता रहता है। ये श्रीला प्रभुपाद स्वामी के विचारों का सूत्र है। उन्होंने उस समय वेद-वेदांत और गीता के महत्व को आगे बढ़ाया। जब देश गुलामी की बेड़ियों में जकड़ा था। उन्होंने भक्ति वेदांत को जनसामान्य की चेतना से जोड़ने का अनुष्ठान किया।

# साउथ कोरिया के पद से हटाए गए राष्ट्रपति गिरफ्तार

## पुलिस सीढ़ी लगाकर घर में घुसी; पिछले महीने इमरजेंसी लगाई थी



बढ़ता राजस्थान

**सियोल (एजेंसी)।** साउथ कोरिया में पद से हटाए गए राष्ट्रपति यून सुक-योल को पुलिस ने बुधवार को उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया है। योल पर 3 दिसंबर 2024 को देश में मार्शल लॉ लागू करने के लिए आपराधिक जांच चल रही है। मार्शल लॉ (इमरजेंसी) के फैसले को देश की संसद ने 3 घंटे बाद ही पलट दिया था। इसके बाद 14 दिसंबर को संसद में योल के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाकर उन्हें पद से हटा दिया गया था। महाभियोग पर 14 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी थी, जिसके लिए योल को कोर्ट में पेश होना था। योल कल कोर्ट में पेश नहीं हुए। इसके बाद जांच एजेंसियों की तरफ से उनके खिलाफ आज सुबह गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया। उन्हें गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस को मौके पर भारी विरोध का सामना करना पड़ा। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक गिरफ्तारी के लिए 1000 से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे।

# लॉस एंजिलिस में आग से अब तक 25 की मौत

## 30 लोग लापता, 12 हजार इमारतें खाक; हवा की रफ्तार घटने से राहत की उम्मीद



बढ़ता राजस्थान

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका के लॉस एंजिलिस में लगी आग से मंगलवार तक 25 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि करीब 30 लोग लापता हैं। न्यूज एजेंसी आप के मुताबिक यहां पर 90 हजार लोगों को इमरजेंसी एग्जिट अलर्ट (शहर छोड़ने का अलर्ट) दिया गया है। पुलिस ने प्रभावित इलाकों से अब तक 50 लोगों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों पर लूटपाट, आग वाले इलाकों में ड्रोन उड़ाने और कर्फ्यू का उल्लंघन करने जैसे कई आरोप हैं। मंगलवार को हवाओं की गति पूर्वानुमान से कम रही, जिससे रेस्क्यू दल को आग पर काबू पाने में काफी मदद मिली। फिलहाल पैलिसेड्स और ईटन को छोड़कर बाकी जगहों पर आग को लगभग काबू कर लिया गया है। आग से अब तक 12 हजार से ज्यादा इमारतें नष्ट हो गई हैं, जबकि 155 वर्ग किलोमीटर का इलाका खाक हो चुका है। नेशनल वेदर सर्विस ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा- हम अभी भी पूरी तरह खतरे से बाहर नहीं हैं। हालांकि मंगलवार को हवा की स्पीड उतनी नहीं रही, जिसकी आशंका जाहिर की गई थी। बुधवार को हालात में और सुधार हो सकता है।

# आसाराम 11 साल 4 महीने बाद बाहर आया

## सेवादारों ने आतिशबाजी की, एकांतवास में गया; जोधपुर जेल में उम्रकैद की सजा काट रहा था

बढ़ता राजस्थान



**जोधपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट से रेप के मामले में अंतरिम जमानत मिलने के बाद मंगलवार (14 जनवरी) की देर रात आसाराम (कैदी नंबर-130) भगत की कोठी (जोधपुर) स्थित आरोग्यम हॉस्पिटल से निकलकर पाल गांव (जोधपुर) स्थित अपने आश्रम पहुंचा। इस दौरान अस्पताल के बाहर उसके समर्थकों की भीड़ जुट गई।

समर्थकों ने आसाराम को माला पहनाई। रात करीब 10:30 आसाराम अपने आश्रम पहुंचा। यहां भी सेवादारों ने आतिशबाजी करके आसाराम का स्वागत किया। रात 11 बजे आसाराम एकांतवास पर चला गया। आसाराम बुधवार सुबह जोधपुर स्थित आश्रम में टहलता नजर आया। इस दौरान बड़ी संख्या में उसके अनुयायी भी वहां पहुंचे। इधर, समर्थकों से अपील की गई है कि आसाराम इलाज के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा रहा है, ऐसे में जोधपुर आश्रम में न आएं।

आसाराम के ऊपर गुजरात के गांधीनगर और राजस्थान के जोधपुर में रेप के मामले दर्ज हैं। दोनों ही मामलों में उसे उम्रकैद की सजा सुनाई जा चुकी है।

# गुजरात में एचएमपीवी वायरस का एक और मामला

## अहमदाबाद में 4 साल के बच्चे की रिपोर्ट आई पॉजीटिव, राज्य में अब तक 6 केस

बढ़ता राजस्थान

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में एचएमपीवी (ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस) वायरस का एक और मामला सामने आया है। शहर के कृष्णानगर इलाके में रहने वाले एक चार साल के बच्चे की रिपोर्ट पॉजीटिव आई है। बच्चे को थलतेज के जायडस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बच्चे को तेज बुखार और सर्दी होने पर 13 जनवरी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बच्चे की कोई ट्रैवल हिस्ट्री नहीं मिली। इस तरह राज्य में अब तक एचएमपीवी के कुल 6 मामले दर्ज किए जा चुके हैं। इनमें अहमदाबाद से चार, साबरकांठा जिले से एक और कच्छ जिले से एक मरीज शामिल है।


## बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
  (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
  (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# बेटे से नाबालिग का रेप करवाने वाली महिला को उम्रकैद

## कोर्ट ने कहा-ऐसे लोग समाज के लिए कैक्टस; महिला होकर नाबालिग का दर्द नहीं समझा

**बढ़ता राजस्थान**

**जयपुर।** जयपुर महानगर प्रथम की पॉक्सो कोर्ट-2 ने नाबालिग का यौन शोषण करवाने और देह-व्यापार के लिए उसे बेचने का प्रयास करने वाली महिला को उम्रकैद की सजा सुनाई है। मामला 10 साल पुराना है। जज तिरुपति कुमार गुप्ता ने महिला को अंतिम सांस तक जेल में रखने का फैसला सुनाते हुए टिप्पणी करते हुए कहा- आरोपी ने महिला होकर एक नाबालिग के दर्द को नहीं समझा। ऐसा अपराध करने वाली महिला समाज में कैक्टस के समान है।

कोर्ट ने इसी मामले में साजिश में शामिल होने के आरोप में तीन महिलाओं सहित चार लोगों को गिरफ्तारी वारंट से तलब किया है। कोर्ट ने उत्तर प्रदेश के शिकोहाबाद की रहने वाली करिश्मा उर्फ कस्सो पर 61 हजार का जुर्माना भी लगाया है। किशोर न्याय बोर्ड इस मामले में पहले ही महिला के बेटे (नाबालिग) और रेप के दोषी को 3 साल के लिए भीलवाड़ा स्थित सुरक्षित गृह भेजने का आदेश दे चुका है। महिला ने यूपी ले जा कर अपने बेटे से भी नाबालिग का रेप करवाया था।

नाबालिग को बहला कर यूपी ले गए थे जानकारी के अनुसार, जयपुर के गलता गेट थाने में 10 जुलाई 2014 में नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मामला दर्ज हुआ था। पुलिस ने नाबालिग को डेढ़ माह बाद बरामद किया था।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक (राज.) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय फोन नं.01432-244881,निवाई 01438-222201,202,203, प्रधान कार्यालय :185/ 116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर (राज.)
फोन नं.0141-2796794,2796795,E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा)